संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -197 शनिवार,20 मई 2023,पृष्ठ - 8+4 मूल्य 2 रूपये

# बाजार में नहीं आएंगे 2000 रुपये के नए नोट

## आगे से छपाई में भी नहीं आएंगे,रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया का ये बड़ा फैसला

**नई दिल्ली,19 मई 2023(ए)।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने शुक्रवार को एक अहम फैसला लेते हुए 2000 रुपये के नोट वापस लेने का फैसला किया है। यानि अब 2000 के नोट चलन में नहीं होंगे। भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को सलाह दी है कि वे तत्काल प्रभाव से 2000 रुपये के नोट ग्राहकों को देना बंद कर दें। जानकारी के मुताबिक, क्लीन नोट पॉलिसी के तहत आरबीआई ने ये बड़ा फैसला लिया है।

आपके मन में भी ढेरों सवाल होंगे जिनका जवाब आपको चाहिए। अगर आपक पास 2000 रुपये के नोट हैं तो आपको अब क्या करना चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक के नए फैसले के मुताबिक ये नोट अब चलन में नहीं होंगे। 30 सितंबर 2023 के बाद ये नोट बैंक से जारी नहीं होंगे।

### अगर आपके पास है 2000 के नोट तो क्या करें?

अभी आपको घबराने की जरूरत नहीं है। 2000 के नोट को बंद नहीं किया गया है। इन नोटों को सिर्फ चलन से बाहर किया गया है। यानि इन नोट को धीरे-धीरे चलन से खत्म किया जाएगा। अगर आपके पास भी 2000 के नोट हैं तो आपको ज्यादा



परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप इन नोट को बैंक में वापस लौटा सकते हैं। बैंक आपको 2000 के नोट के बदले नया नोट देगा। बता दें, आरबीआई ने बड़ा फैसला लेते हुए साल 2016 के नवंबर में नोटबंदी के एलान के साथ ही 2 हजार रुपये का नोट जारी किया था। 8 साल बाद अब इस नोट को बंद किया जा रहा है। आप एक बार में अधिकतम 20 हजार रुपये के नोट को ही बैंक से एक्सचेंज करा सकते हैं।

### कब तक बदले जाएंगे नोट?

अगर आपके पास 2000 हजार रुपये का नोट है तो आप इसे 30 सितंबर 2023 तक किसी भी बैंक के ब्रांच में जाकर 2000 रुपए के नोट बदले जा सकेंगे। अगले हफ्ते 23 मई से 2000 हजार रुपये के नोट किसी भी बैंक में बदले या जमा किए जा सकेंगे।

### आरबीआई ने कब जारी किये थे नोट?

आपको याद होगा की आरबीआई ने नवंबर 2016 में आरबीआई एक्ट 1934 की धारा 24(1) के तहत ये नोट निकाले थे। यह फैसला इसलिए लिया गया था ताकि उस समय 500 और 1000 रुपये के जो नोट चलन से हटाए गए थे। साल 2016 में नोटबांडी के दौरान सरकार ने 500 और 1000 रुपये के जो नोट को बैन कर दिया था।



# हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीमकोर्ट की कमेटी से अडानी ग्रुप को क्लीन चिट

### शेयरों में आई तेजी

**नई दिल्ली,19 मई 2023(ए)।** अडानी-हिंडनबर्ग के मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित विशेष समिति की रिपोर्ट सामने आ गई है। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से नियुक्त एक्सपर्ट्स के पैनल ने अडानी ग्रूप को क्लीन चिट दी है। एक्सपर्ट पैनल ने यह भी कहा कि ऐसा लगता है कि मार्केट रेगुलेटर सेबी की तरफ से नियमों में कोई चूक नहीं हुई है। एक्सपर्ट पैनल ने सुप्रीम कोर्ट में जमा की गई रिपोर्ट में कहा है कि अडानी ग्रूप की तरफ से शेयरों की कीमतों में कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है और ग्रुप ने रिटेल इनवेस्टर्स के हितों की रक्षा के लिए जरूरी कदम उठाए हैं।

वहीं इस रिपोर्ट के बाद आज अडानी पावर और अडानी ग्रीन के शेयरों में दोपहर एक बजे के बाद से तेजी देखने को मिली। दोनों ही स्टॉक्स में पांच फीसदी की तेजी के साथ अपर सर्किट लगा। अडानी पावर 236.30 रुपये पर पहुंच गया और अडानी ग्रीन 903.55 रुपये पर कारोबार करता नजर आया। अडानी विल्मर में भी जोरदार तेजी देखने को मिली। ये 7.54 फीसदी की तेजी के साथ 406.50 रुपए पर कारोबार कर करता नजर आया। ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज के शेयर 3 प्रतिशत तक चढ़ गए।

पैनल के मुताबिक सेबी द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों ने संकेत दिया है कि अडानी की कंपनियों के शेयरों की कीमतों में कोई खास पैटर्न नहीं है। इसमें उतार-चढ़ाव बाजार के हिसाब से होने की संभावना दिख रही है। बता दें कि हिंडनबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि अडानी ग्रुप ने शेयरों के साथ हेरफेर की है और प्राइस को ओवर वैल्यू कर दिया गया।

# मजदूरों ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**» 100 घंटे में 100 किमी बनाई रोड**

**बुलंदशहर,19 मई 2023 (ए)।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में एलएंडटी के सहयोग से क्यूब सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़ेंगे। कार्यक्रम 19 मई यानी आज दोपहर 2 बजे एनएच-91 बिलसुरी एम रिसोर्ट में आयोजित किया जाएगा।



हाईवे द्वारा गाजियाबाद-अलीगढ़ नेशनल एक्सप्रेसवे को सिक्स लेन बनाने का कार्य चल रहा है।

इसकी खास बात ये है कि इसे 100 घंटे में 100 किलोमीटर रोड बनाने का विश्व रिकॉर्ड बनाया गया है। इस काम के लिए पूरे 80 हजार मजदूर दिन-रात लगे हुए थे। अभी तक विश्व रिकॉर्ड 75 घंटे में 75 किलोमीटर बनाने का था।

विश्व रिकॉर्ड बनाने के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय नेशनल हाईवे 91 को बनाने के लिए लगभग 80 हजार मजदूर लगे थे, तो वहीं 200 से अधिक रोड रोलर का इस्तेमाल किया गया। नेशनल हाईवे 91 की सौन्दर्यी करण का भी बेहद खासा ख्याल रखा गया है। नेशनल हाईवे 91 पर दिन रात काम चलता रहा, तब जाकर हाईवे बनकर तैयार हुआ। तो वहीं नेशनल हाईवे अथॉरिटी अब इसे सिक्स लेन बनाने की तैयारी में लगी है और जल्द इसे सिक्स लेन का बनाया जाएगा।

# डिप्टी सीएम का पद ना मिलने से नाराज एमबी पाटिल और जी परमेश्वर



**नई दिल्ली,19 मई 2023(ए)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धारमैया कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री होंगे। वहीं, डीके शिवकुमार डिप्टी सीएम बनेंगें। बेंगलुरु में 20 मई को होने वाले शपथग्रहण समारोह की तैयारियां की जा रही है तो वहीं, दोनों नेता आज दिल्ली आ रहे हैं। कहा जा रहा है कि डिप्टी सीएम पद ना मिलने से कांग्रेस के विधायक जी परमेश्वर और एमबी पाटिल नाराज चल रहे हैं।

चर्चा है कि कांग्रेस नेता और विधायक जी परमेश्वर डिप्टी सीएम ना बनाए जाने से नाराज हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि यह ठीक है। हम सभी को किसी न किसी समय त्याग करना पड़ता है। कर्नाटक में अच्छी बात हो रही है। जी परमेश्वर सिद्धारमैया से मिलने उनके घर पहुंचे थे।

### सभी को उचित हिस्सा मिलना चाहिए : एमबी पाटिल

एमबी पाटिल ने दलित समुदाय से आने वाले जी परमेश्वर के लिए डिप्टी सीएम पद की मांग पर कहा, 'जिसने भी मतदान किया, चाहे लिंगायत हो या दलित, वोक्कालिगा, या एसटी, मुस्लिम। इन सभी लोगों को उनका उचित हिस्सा दिया जाना चाहिए। मुझे विश्वास है कि हमारी पार्टी भी ऐसा ही करेगी। पार्टी इन सभी समुदायों को उचित सम्मान देगी।'

### लिंगायत को मिले उचित सम्मान

वहीं, लिंगायत समुदाय के लिए डिप्टी सीएम पद की मांग पर उन्होंने कहा, 'मुझे भरोसा है कि हमारी पार्टी समुदाय को उचित हिस्सा देगी।' पाटिल ने कहा कि भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ने वाले लिंगायत नेताओं को खारिज कर दिया गया। स्वाभाविक रूप से हमारी उम्मीदें अधिक हैं। लिंगायत समुदाय उचित हिस्सा चाहता है।

वहीं, कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री टीबी जयचंद्र ने उन रिपोर्ट का जवाब दिया, जिसमें कहा जा रहा था कि डिप्टी सीएम ना बनाए जाने से जी परमेश्वर और एमबी पाटिल नाराज हैं। जयचंद्र ने कहा, 'ऐसा नहीं है। हाईकमान का फैसला है कि डीके शिवकुमार ही कर्नाटक के इकलौते डिप्टी सीएम होंगे। मुझे नहीं लगता है अन्य बातें होंगी।

# चीनी स्वामित्व वाली कंपनी पर ईडी की बड़ी कार्रवाई

### 8.26 करोड़ रुपये जब्त

**नई दिल्ली,19 मई 2023(ए)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बेंगलुरु में चीनी स्वामित्व वाली शिक्षा कंपनी पर छापा मारा है। ईडी ने कंपनी का 8.26 करोड़ रुपये मूल्य का फंड जब्त किया है।




बता दें इस कंपनी का पूर्ण स्वामित्व और नियंत्रण चीनी नागरिकों के पास है। ईडी के द्वारा की गई जांच में पता चला कि कंपनी ने विदेशी मुद्रा कानून का कथित उल्लंघन किया है। पिजन एजुकेशन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के फंड को फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (फेमा) की धारा 37ए के तहत जब्त कर लिया गया है। कंपनी ने ओडाक्लास ब्रांड नाम के तहत ऑनलाइन शिक्षा प्रदान की है। स्वर्तन निदेशालय (ईडी) ने अप्रैल में कंपनी के खिलाफ जांच शुरू की थी। ईडी की जांच में खुलासा हुआ था कि यह कंपनी चीनी नागरिकों के 100 प्रतिशत स्वामित्व में है और वित्तीय निर्णयों सहित कंपनी के सभी मामलों को चीन में बैठे व्यक्तियों द्वारा लिया जा रहा है।

ईडी ने बताया कि कंपनी अपनी ओर से सेवा प्राप्ति का कोई सबूत और खर्च के खिलाफ प्रकाशित किसी विज्ञापन का सबूत पेश नहीं कर सकी। कंपनी के भारतीय निदेशक वेदांत हमीरवासिया ने कहा कि चीनी निदेशक ने उन्हें बताया कि विज्ञापन गूगल और फेसबुक के माध्यम से प्रकाशित किए गए थे।

# जी 20 मीट से पहले संदिग्ध आईएसडी नंबरों के खिलाफ पुलिस ने जारी की एडवाइजरी




**श्रीनगर ,19 मई 2023(ए)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कुछ संदिग्ध अंतरराष्टीय मोबाइल फोन नंबरों के खिलाफ एक एडवाइजरी जारी की है, जो आगामी जी20 शिखर सम्मेलन के खिलाफ अफवाह फैला रहे हैं। पुलिस ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, आम जनता को सलाह दी जाती है कि वे कुछ संदिग्ध दूरसंचार के प्रति सतर्क रहें। सलाह के मुताबिक प्लस 44 7520 693559, प्लस 447418343648 और प्लस 44 7520 693134, प्लस 44 7418 343648 या किसी आईएसडी नंबर/वर्चुअल नंबरों का जवाब न दें। ये नंबर आगामी जी20 कार्यक्रम के बारे में अफवाह फैला रहे हैं।

विजय कुमार, एडीजीपी कश्मीर ने कहा कि ये नंबर देश विरोधी संदेश / प्रचार फैला रहे हैं और आम जनता से अनुरोध है कि वे इस तरह के प्रयासों के प्रति सतर्क रहें और ऐसी किसी भी संदिग्ध कॉल का जवाब न दें। पुलिस ने कहा, नागरिकों से अनुरोध है कि ऐसी सभी कॉल की सूचना पुलिस को दी जाए। साइबर पुलिस कश्मीर ने इसका संज्ञान लिया है और जांच जारी है।

इसके अलावा, यदि किसी व्यक्ति को मामले से संबंधित कोई शिकायत या प्रश्न है, तो वह साइबर पुलिस स्टेशन कश्मीर या निकटतम पुलिस स्टेशन से संपर्क कर सकता है।



# जस्टिस प्रशांत मिश्रा के शपथ लेते ही सुप्रीम कोर्ट को मिला पहला छत्तीसगढ़िया जज

**नई दिल्ली,19 मई 2023(ए)।** भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और वरिष्ठ वकील कल्पथी वेंकटरमण विश्वनाथन को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के तौर पर शपथ दिलाई। बता दें कि दोनों जजों के आने से शीर्ष अदालत में 34 न्यायधीशों की संख्या स्वीकृत शक्ति के बराबर हो गई है।

नवनियुक्त कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने अपने ट्विटर अकाउंट के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट के दो नए न्यायाधीशों की नियुक्ति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत के माननीय राष्टपति, भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश के साथ परामर्श के बाद, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और वरिष्ठ अधिवक्ता केवी विश्वनाथन को नियुक्त करते हुए प्रसन्नता हो रही है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट कॉलिजियम ने दो दिन पहले ही इन दो नामों की सिफारिश केंद्र के पास भेजी थी, जिसे सरकार ने मंजूरी दे दी थी।

सुप्रीम कोर्ट में जज बनने वाले न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा छत्तीसगढ़ से पहले जज हैं। सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति से पहले जस्टिस मिश्रा आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में सेवारत थे। इसके पहले उन्होंने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में भी कार्य किया है।

जस्टिस प्रशांत मिश्रा के साथ शपथ लेने वाले कल्पथी वेंकटरमण विश्वनाथन बार से सीधे नियुक्त होने वाले सुप्रीम कोर्ट के केवल 10वें न्यायाधीश हैं। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की सेवानिवृत्ति के बाद 11 अगस्त, 2030 को केवी विश्वनाथन भारत के मुख्य न्यायाधीश बन सकते हैं। ऐसा होने पर वह एसएम सीकरी, यूयू ललित और पीएस नरसिम्हा के बाद सीधे बार से नियुक्त होने वाले भारत के चौथे मुख्य न्यायाधीश भी होंगे।

# ज्ञानवापी शिवलिंग के वैज्ञानिक सर्वे के आदेश पर 'सुप्रीम' रोक,नहीं होगी कार्बन डेटिंग

**नई दिल्ली ,19 मई 2023(ए)।** वाराणसी में काशी विश्नाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद में मिले कथित शिवलिंग के वैज्ञानिक सर्वे के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। मुस्लिम पक्ष ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 12 मई को हिन्दू पक्ष की याचिका पर एएसआई को साइंटिफिक सर्वे का आदेश दिया था। एएसआई को वाराणसी की जिला जज की अदालत में 22 मई को पेश होकर सर्वे के तरीके पर चर्चा करनी थी। हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ गुरुवार को मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। सर्वोच्च अदालत ने मुस्लिम पक्ष की याचिका स्वीकार करते हुए सुनवाई के लिए शुक्रवार की तारीख तय की थी।



आज इस पर अगली सुनवाई तक रोक लग गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश के निहितार्थों की बारीकी से जांच की जरूरत होगी। आदेश में संबंधित निर्देशों का कार्यान्वयन अगली तारीख तक स्थगित रहेगा। ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम पक्ष के हुजैफा अहमदी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि हाई कोर्ट के कार्बन डेटिंग के आदेश के खिलाफ हम यहां आए हैं। अहमदी ने कहा कि कार्बन डेटिंग 22 तारीख को शुरू हो सकती है, ऐसे में रोक लगाए जाने की जरूरत है।

# आईजीआई और जेवर एयरपोर्ट होंगे कनेक्ट




**» दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने की तैयारी**
**32 किलोमीटर लंबी होगी सड़क**

**नई दिल्ली,19 मई 2023(ए)।** हवाई यात्रा करने वालों को लिए अच्छी खबर सामने आई है। जल्द ही इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट और जेवर एयरपोर्ट को जोड़ने के साथ ही इनको दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से कनेक्ट करने की परियोजना पर काम शुरू होने वाला है। केंद्रीय मंत्री सड़क, परिवहन और राजमार्ग नितिन गडकरी ने कहा कि हमारी आने वाली परियोजनाओं में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जेवर हवाई अड्डे और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के बीच कनेक्टिविटी शामिल है। यह सड़क 3,000 करोड़ रुपये की लागत से 32 किलोमीटर लंबी होगी। यह प्रोजेक्ट जून 2025 तक पूरा हो जाएगा।

दिल्ली में बन रहे देश के पहले एलिवेटेड 8-लेन एक्सेस कंट्रोल्ड द्वारका एक्सप्रेसवे का मुआयना करने के बाद नितिन गडकरी ने कहा कि 29.6 किमी। लंबाई का देश का पहला एलिवेटेड 8-लेन एक्सेस कंट्रोल द्वारका एक्सप्रेसवे 9000 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है जिसका निर्माण अप्रैल 2024 में पूरा होगा। हरियाणा में 18.9 किमी सिंगल पिलर पर 34 मीटर चौड़ा और दिल्ली में 10.1 किमी लंबाई का यह एक्सप्रेसवे बन रहा है।




# सांसद मनोज तिवारी के साथ आए थे बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री, पुलिस ने काटा चालान

**पटना ,19 मई 2023(ए)।** बिहार में पटना के नौबतपुर में हनुमंत कथा कहकर बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री चले गए, लेकिन ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के आरोप में वे जिस वाहन पर सवार थे, उसका चालान कट गया है। पुलिस के मुताबिक, सांसद मनोज तिवारी और धीरेंद्र शास्त्री ने 13 मई को पटना हवाई अड्डे से गांधी मैदान जाने के क्रम में सीट बेल्ट नहीं लगाया था। इस मामले में अब जांच पूरी होने के बाद यातायात नियमों के उल्लंघन के आरोप में 1000 रुपए का चालान काटा गया है।

चालान उस कार मालिक के नाम से काटा गया है, जिस पर ये लोग सवार थे। बताया जाता है कि यह कार मध्य प्रदेश की है। कई तस्वीर और वीडियो देखने के बाद यातायात पुलिस इस निष्कर्ष पर पहुंची कि कार चालक मनोज तिवारी और बगल की सीट पर बैठे धीरेंद्र शास्त्री ने सीट बेल्ट नहीं बांधा था। उल्लेखनीय है कि धीरेंद्र शास्त्री हनुमंत कथा कहने के लिए 13 मई को यहां पहुंचे थे। पटना हवाई अड्डे से वे सीधे गांधी मैदान के पास स्थित एक होटल गए थे।

## संपादकीय

# ये नतीजे जो बताते हैं

अगर एक दूसरे प्रस्थान बिंदु से देखें, तो कहा जा सकता है कि महंगाई और अन्य आर्थिक समस्याओं, कुशासन और भ्रष्टाचार जैसे ठोस मुद्दों के बावजूद भाजपा अपने वोट आधार को बचाए रखने में लगभग सफल रही है।
कर्नाटक विधानसभा के चुनाव परिणाम से ना सिर्फ कांग्रेस, बल्कि पूरे भाजपा विरोधी खेमे का उत्साहित होना लाजिमी है। आखिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी के अन्य नेताओं की हिंदुत्व को और उग्र रूप देने की कोशिश वहां कामयाब नहीं हो सकी। साथ ही पिछले तीन साल में वहां भाजपा सरकार ने जिस तरह से सांप्रदायिक उबाल को बनाए रखा, वह भी काम नहीं आया। इतना सब कुछ होने के बावजूद भाजपा के वोट प्रतिशत में मामूली-सी सेंध लग गई। लेकिन यहां इस हकीकत के प्रति भी विपक्ष को अवश्य आगाह रहना चाहिए कि यह सेंध मामूली ही है। अगर दूसरे प्रस्थान बिंदु से देखें, तो कहा जा सकता है कि महंगाई और अन्य आर्थिक समस्याओं, कुशासन और भ्रष्टाचार जैसे ठोस मुद्दों के बावजूद भाजपा अपना वोट आधार बचाए रखने में लगभग सफल रही है। इसका अर्थ यह है कि भाजपा ने अपने मुद्दों पर मतदाताओं के जिन हिस्सों को गोलबंद किया है, वह बाकी तमाम मसलों को दरकिनार कर पार्टी के साथ बने हुए हैं। ऐसा ही संकेत हाल में देश के अन्य हिस्सों में हुए तमाम चुनावों में भी मिला है।
इसलिए कर्नाटक में जीत के उत्साह में यह सोच लेना अब देश में नैरेटिव बदल गया है और 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के सामने प्रतिकूल स्थितियां होंगी, गलत आकलन होगा। कम से कम यह तो जरूर कहा जा सकता है कि ऐसे आकलन को अभी सिर्फ जल्दबाजी या अति-उत्साह कहा जा सकता है। इसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए कि शनिवार को ही उत्तर प्रदेश के दो विधानसभा उपचुनावों के साथ-सथ स्थानीय निकाय चुनावों के भी परिणाम भी आए। इनमें भाजपा गठबंधन को भारी जीत मिली। इसलिए सारे देश में सियासी माहौल बदल जाने की बात निराधार है। वैसे भी कर्नाटक में कांग्रेस एक मजबूत समर्थन आधार के साथ मैदान में उतरी थी। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी उसे भाजपा से लगभग 2.5 प्रतिशत वोट अधिक मिले थे। इस बार उसके वोटों में बढ़ोतरी जेडी (एस) की कीमत पर हुई। स्पष्ट है, उसे भाजपा का मुख्य प्रतिद्वंद्वी होने का लाभ मिला। स्पष्टतः कर्नाटक का परिणाम स्थानीय समीकरणों से तय हुआ।

## शाम तो ढल जाने दें

न रोक ए हम नवा एसे अब तु मेरे आंसु ,
आंखों से मेरी ये समन्दर तो अब बह जाने दें
,जुल्फों की घनी छाओं की चाहत है दो घड़ी ,
कुछ पल ही सही दिल की गहराई में उतर जाने दें
आंखों से तेरी ,थोड़ी मैं पीलूं तो बुरा क्या है ,
मैं हूं मदहोश थोड़ा सा मुझको भी बहक जाने दें मै
खुद ही चला जाउँगा,हूं मुसाफिर तन्हा-तन्हा ,
अभी सूरज भी नहीं डूबा जरा शाम तो ढल जाने दें
आतिशे ईश्क है ऐसे न बुझेगी अब मुश्ताक,
अपने होठों को मेरे होठों के करीब तो आ जाने दें



डॉ.मुश्ताक़ अहमद शाह ,
सहज़ हरदा
मध्य प्रदेश

## निर्झर

हे निर्झर तू किसे चाहता है।
पाने को जिसे यूँ जोरों से गिरता हैं ।
रिझाने को उसे मोतियों की सुंदर लडिया बुनता है
नही मिलती चाहत तो दुःख को भाप बना उडाता है ।
खोजता है आस-पास उसेवहाँ न पाकर उसे फिर
घातियो को पार कर चट्टानों को तोड़ता
उसे पाने को निकलता हैं ।
और.......
यूँ अनवरत उसे पाने कोझर- झर -झर गिरता हैं ।



गरिमा राकेश
गौतम गर्विता
कोटा,राजस्थान

## प्रेम बंधन

तुमको प्रेम बंधन से है बाँधा
कैसे हमें छोड़ चले जाओगे
स्नेह की कच्ची धागा है जिसे
तोड़ कभी ना तुम पाओगे
लोहे की जंजीर कमजोर है
मजबूत प्रेम का ये बंधन है
जनम जनम के साथी हैं हम
जैसे पानी संग घिसा चंदन है
प्यार किया है हम एक दुजै को
मरते दम तक मोहब्बत निभायेगें
लाख दीवार खड़ी कर दे दुनियॉ
दीवार तोड़ हम गले लग जायेगें
ख्वाबों में जब जब आती हो तुम
पायल की रूनझुन हमें जगाती है
रात अंधेरी काली ये चादर भी
हमारी कदम ना रोक पाती है
कभी ना टुटे ये प्रेम का हमारा बंधन
आओ हम दोनों आज कसमें खायें
एक दुजै संग दफन हो जायेगें हम
प्यार जग में हमारा अमर हो। जाये



उदय किशोर
साह
जयपुर
बाँका बिहार

# अब लद गए जेल में भी सुखनंदन के दिन !

» आदर्श कारागार अधिनियम 2023 को अंतिम रूप दिया गया

» कैदियों को, कानून का पालन करने वाले नागरिकों में बदलना, समाज में उनका पुनर्वास सुनिश्चित करना और जेलों में ऐशो आराम, दबंगई रोकने में नया अधिनियम मील का पत्थर साबित होगा

भारत में कई वर्षों से प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया में जेल में दबंगई, हत्या,ऐशो आराम, माफिया राज गुटबाजी, झगड़े इत्यादि अनेकों वारदातों के बारे में सुनते पढ़ते रहते हैं। याने अपराधी यहां पर तो कर्मकांड करते ही रहते हैं परंतु जेल में भी कुछ कम दबंगई नहीं करते वहां जेलरों, कर्मचारियों, पुलिस पर भी हमले, हत्याएं होती रहती है। वही मेरा मानना है कि जेल प्रशासन की लिप्तता से भी इनकार नहीं किया जा सकता क्योंकि यह बात हम सभी जानते हैं कि मिलीभगत का मामला हर जगह हर क्षेत्र में चल रहा है, क्योंकि हम जानते हैं कि जेल में अपनी पसंद का स्विमिंगपूल बनाना, खास स्त्री दोस्तों से घंटों मुलाकात करना, मोबाइल हरदम अपने पास रखना, जेल में रहकर भी रंगदारी वसूलना,चुनावलड़ना, जेल से फोन कर हत्याओं की साजिश में शामिल होने सहित अनेक बातें अभी हमें दोनों मृतक माफियाओं और एक अन्य सजा पाए गए माफिया के बारे में कई बातें सुनी परंतु अब समय आ गया है, क्योंकि बड़े बुजुर्ग कहते हैं अति का अंत होता है, पाप का घड़ा फूटता है, जुल्मों को रोकने बड़े कदम उठाते हैं। इसलिए इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए अब नया आदर्श कारागार अधिनियम 2023 को अंतिम रूप दिया गया है। 12 मई 2023 को पीआईबी द्वारा जानकारी जारी किया गया है। इसलिए आज हम पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल माध्यम से चर्चा करेंगे, आदर्श कारागार अधिनियम 2023 को अंतिम रूप दिया गया है। अब बच के रहियो रे बाबा, अब लद गए जेल में भी सुखनंदन के दिन !

साथियों बात अगर हम जेल की करें तो, पिछले कुछ दशकों में, विश्वस्तर पर जेलों और जेल के कैदियों के बारे में एक बिल्कुल नया दृष्टिकोण विकसित हुआ है। जेलों को आज प्रतिशोधात्मक निवारक के स्थान के रूप में नहीं देखा जाता है, बल्कि उन्हें सुधारात्मक और सुधारक संस्थानों के रूप में देखा जाता है जहां कैदियों को कानून का पालन करने वाले नागरिकों के रूप में समाज में परिवर्तित और पुनर्वासित किया जाता है। भारत के संविधान के प्रावधानों के अनुसार, जेल/उसमें निरुद्ध व्यक्ति एक राज्य विषय है। जेल प्रबंधन और कैदियों के प्रशासन की जिम्मेदारी पूरी तरह से राज्य सरकारों की है जो अकेले इस संबंध में उपयुक्त विधायी प्रावधान बनाने के लिए सक्षम हैं। हालांकि, आपराधिक न्याय प्रणाली में कुशल जेल प्रबंधन द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए, भारत सरकार इस संबंध में राज्यों/संघ शासित प्रदेशों की सहायता करने को अत्यधिक महत्व देती है। वर्तमान %जेल अधिनियम, 1894% स्वतंत्रता-पूर्व युग का अधिनियम है और लगभग 130 वर्ष पुराना है। अधिनियम मुख्य रूप से अपराधियों को हिरासत में रखने और जेलों में अनुशासन और व्यवस्था को लागू करने पर केंद्रित है। मौजूदा अधिनियम में कैदियों के सुधार और पुनर्वास का कोई प्रावधान नहीं है।





साथियों, पिछले कुछ वर्षों में, गृह मंत्रालय (एमएचए) ने पाया कि मौजूदा कारागार अधिनियम में कई खामियां हैं, जो कुछ राज्यों को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जेल प्रशासन को नियंत्रित करता है, जिन्होंने नए कारागार अधिनियमित किए हैं। कार्यवाही करना। मौजूदा अधिनियम में सुधारात्मक फोकस के विशिष्ट चूक के अलावा, आधुनिक समय की जरूरतों और जेल प्रबंधन की आवश्यकताओं के अनुरूप अधिनियम को संशोधित और उन्नत करने की आवश्यकता महसूस की गई। हमारे माननीय पीएम के दूरदर्शी नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री के निर्णायक मार्गदर्शन में, समकालीन आधुनिक समय की जरूरतों और सुधारात्मक विचारधारा के अनुरूप, औपनिवेशिक युग के कारागार अधिनियम की समीक्षा और संशोधन करने का निर्णय लिया गया। गृह मंत्रालय ने जेल अधिनियम, 1894 के संशोधन का कार्य पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो को सौंपा। ब्यूरो ने राज्य कारागार प्राधिकारियों, सुधारक विशेषज्ञों आदि से विस्तृत चर्चा करने के बाद एक प्रारूप तैयार किया। जेल अधिनियम,1894 के साथ-साथ कैदी अधिनियम, 1900 और %कैदियों का स्थानांतरण अधिनियम, 1950 की भी गृह मंत्रालय द्वारा समीक्षा की गई है और इन अधिनियमों के प्रासंगिक प्रावधानों को मॉडल में शामिल किया गया है। जेल अधिनियम, 2023। राज्य सरकारें और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन आदर्श कारागार अधिनियम, 2023 को अपने अधिकार क्षेत्र में अपनाकर ऐसे संशोधनों के साथ जिन्हें वे आवश्यक समझें, लाभ उठा सकते हैं और अपने अधिकार क्षेत्र में मौजूदा तीन अधिनियमों को निरस्त कर सकते हैं।समग्र रूप से मार्गदर्शन प्रदान करने और जेल प्रबंधन में प्रौद्योगिकी के उपयोग सहित मौजूदा जेल अधिनियम में अंतर को दूर करने के उद्देश्य से, अच्छे आचरण को प्रोत्साहित करने के लिए पैरोल, फरलो, कैदियों को छूट, महिलाओं / ट्रांसजेंडर कैदियों के लिए विशेष प्रावधान गृह मंत्री श्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में गृह मंत्रालय ने कैदियों के शारीरिक और मानसिक कल्याण और कैदियों के सुधार और पुनर्वास आदि पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक व्यापक आदर्श कारागार अधिनियम, 2023 को अंतिम रूप दिया है। जो राज्यों के लिए और उनके अधिकार क्षेत्र में गोद लेने के लिए एक मार्गदर्शक दस्तावेज के रूप में काम कर सकता है।

साथियों बात अगर हम, नए मॉडल कारागार अधिनियम की कुछ मुख्य विशेषताओं की करें तो इस प्रकार हैं (1) सुरक्षा मूल्यांकन और कैदियों के अलगाव, व्यक्तिगत वाक्य योजना के लिए प्रावधान,(2) शिकायत निवारण, कारागार विकास बोर्ड, बंदियों के प्रति व्यवहार में परिवर्तन (3) महिला कैदियों, ट्रांसजेंडर आदि के लिए अलग आवास का प्रावधान।(4) कारागार प्रशासन में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से कारागार प्रशासन में प्रौद्योगिकी के उपयोग का प्रावधान।(5) अदालतों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, जेलों में वैज्ञानिक और तकनीकी हस्तक्षेप आदि का प्रावधान।(6) जेलों में प्रतिबंधित वस्तुओं जैसे मोबाइल फोन आदि का प्रयोग करने वाले बंदियों एवं जेल कर्मचारियों के लिए दण्ड का प्रावधान।(7) उच्च सुरक्षा जेल, ओपन जेल (ओपन और सेमी ओपन), आदि की स्थापना एवं प्रबंधन के संबंध में प्रावधान।
(8 ) खूंखार अपराधियों और आदतन अपराधियों आदि की आपराधिक गतिविधियों से समाज को बचाने का प्रावधान।
(9) अच्छे आचरण को प्रोत्साहित करने के लिए कैदियों को कानूनी सहायता, पैरोल, फर्लो और समय से पहले रिहाई आदि का प्रावधान।(10) कैदियों के व्यावसायिक प्रशिक्षण और कौशल विकास और समाज में उनके पुनर्स्थापन पर ध्यान देना।
अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अब बच के रहियो रे बाबा , अब लद गए जेल में भी सुखनंदन के दिन ! आदर्श कारागार अधिनियम 2023 को अंतिम रूप दिया गया।कैदियों को, कानून का पालन करने वाले नागरिकों में बदलना, समाज में उनका पुनर्वास सुनिश्चित करना और जेलों में ऐशो आराम, दबंगई रोकने में नया अधिनियम मील का पत्थर साबित होगा।



एडवोकेट
किशन
सनमुखदास
भावनानी
गोंदिया महाराष्ट्र

# कर्नाटक में हार से कमजोर होगी भाजपा

कर्नाटक में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव देश की राजनीति के लिए एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम माने जाएगें। इस चुनाव से देश की राजनीति की दिशा व दशा बदल सकती है। कर्नाटक चुनाव में मतदाताओं ने जहां सत्तारूढ़ भाजपा का सफाया कर दिया। वहीं कांग्रेस पार्टी को बंपर बहुमत से जीता कर उसे नई संजीवनी प्रदान की है।
लगातार जीत के नशे में चूर केंद्र में सरकार चला रहे भाजपा के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व वाली छवि को भी इस विधानसभा चुनाव परिणाम से गहरा आघात लगा है। अब तक माना जाता रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने करिश्माई व्यक्तित्व के चलते हार को भी जीत में बदलने की क्षमता रखते हैं। मगर कर्नाटक में दिन-रात धुआंधार प्रचार व सैकड़ों किलोमीटर के रोड शो करने के उपरांत भी चुनाव में करारी हार से उनका करिश्माई व्यक्तित्व कमजोर पड़ा है।
कर्नाटक के मतदाताओं ने जोड़-तोड़ की राजनीति को भी पूरी तरह नकार दिया है। इसीलिए एक लंबे समय के बाद कांग्रेस पार्टी को भारी बहुमत देकर एक स्थाई सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त किया है। ताकि सरकार प्रदेश का चहुंमुखी विकास कर सके। इसके साथ ही पिछली बार बहुमत से दूर रहने के उपरांत भी भाजपा द्वारा जोड़-तोड़ व खरीद-फरोख्त कर कांग्रेस व जनता दल सेकुलर की सरकार को गिरा कर अपनी सरकार बनाने का भी मतदाताओं ने भाजपा को कड़ा दंड दिया है। कर्नाटक के मतदाताओं ने बता दिया है कि उनका ऐसी किसी भी पार्टी को समर्थन नहीं मिलेगा जो विधायकों को तोड़कर प्रदेश में कार्य कर रही सरकार को गिरा कर अपनी पार्टी की सरकार बनाएं।
कर्नाटक विधानसभा का इस बार का चुनाव कई मायनों में खास माना जाएगा। कर्नाटक के मतदाताओं ने 224 विधानसभा सीटों में से कांग्रेस को 135 सीटों के साथ ही 42. 88 प्रतिशत यानी एक करोड़ 67 लाख 89 हजार 272 वोट देकर सत्ता की चाबी सौंप दी है। वहीं अब तक प्रदेश में सत्तारूढ़ रही भाजपा को 66 सीटों के साथ मात्र 36 प्रतिशत वोट यानी एक करोड़ 40 लाख 96 हजार 529 वोट देकर सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। वहीं प्रदेश में अब तक तीसरी ताकत माने जाने वाली जनता दल सेकुलर पार्टी को महज 18 सीट 13.29 प्रतिशत यानी 52 लाख पांच हजार 489 वोट मिल पाये है। प्रदेश की राजनीति में सत्ता बनाने और बिगाड़ने की चाबी अभी तक जनता दल सेकुलर के हाथ में रहती आई थी। जिसे मतदाताओं ने इस बार छीन कर जनता दल सेकुलर की स्थिति को बहुत कमजोर बना दिया है। कांग्रेस को इस बार भाजपा से 26 लाख 92 हजार हजार 743 वोट ज्यादा मिले। जिस कारण कांग्रेस को भाजपा से दोगुनी से भी अधिक सीटें मिली है। हालांकि 2018 के विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस को भाजपा से छ लाख 64 हजार 247 वोट अधिक मिले थे। उसके बावजूद भी कांग्रेस 80 सीटों पर ही रह गई थी। जबकि भाजपा 104 सीटें जीतने में सफल रही थी। मगर इस बार स्थिति पूरी तरह से पलट गई है। इस बार के चुनाव में 26 लाख वोट अधिक लेकर कांग्रेस ने भाजपा से 69 सीट अधिक जीत ली है जो एक रिकॉर्ड है।
कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले ही राजनीति के जानकार लोगों को लग रहा था कि इस बार भाजपा के हाथ सत्ता की चाबी नहीं आने वाली है। 2018 में कांग्रेस, जनता दल सेकुलर के एचडी कुमार स्वामी मुख्यमंत्री बने थे। तभी से भाजपा उनकी सरकार को उखाड़ फेंकने के प्रयास में लग गई थी। कांग्रेस, जेडीएस के विधायकों से इस्तीफा दिलवा कर भाजपा ने कुमार स्वामी सरकार को गिरा दिया तथा 26 जुलाई 2019 को भाजपा के बीएस येदुरप्पा ने मुख्यमंत्री पद संभाल लिया था। उसके 2 वर्ष बाद भाजपा के बसवराज बोम्मई मुख्यमंत्री बने। जिनका कार्यकाल 2 वर्ष से कुछ कम रहा।
कहने को तो बसवराज बोम्मई मुख्यमंत्री बन गए मगर उनकी सरकार पूरी तरह बीएस येद्दयुरप्पा के नियंत्रण में ही कार्य करती रही थी। बसवराज बोम्मई की मुख्यमंत्री के रूप में छवि एक कमजोर नेता की बन गयी। जिस कारण प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया था। कर्नाटक सरकार मे ठेकेदारी करने वाले ठेकेदारों ने बोम्मई सरकार के मंत्रियों व अधिकारियों पर 40 प्रतिशत कमीशन लेकर बिल पास करने के आरोप लगाए। जिसके चलते आमजन में भ्रष्टाचारी सरकार की छवि बन गई थी। सभी मंत्री अपनी मनमानी कर रहे थे। वही अधिकारियों पर भी काबू नहीं रहा था। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व भी कर्नाटक में सुशासन स्थापित करने में पूरी तरह सफल रहा था। विधानसभा चुनाव से कुछ समय पहले ही भाजपा विधायक मदन विरुपक्षप्पा का बेटा प्रशांत कुमार 40 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया था। प्रशांत कुमार अपने पिता के नाम पर रिश्वत ले रहा था जो कर्नाटक सॉप्स एंड डिटर्जेंट्स लिमिटेड के चेयरमैन थे। प्रशांत कुमार स्वयं बेंगलुरु जलापूर्ति और सीवरेज बोर्ड में चीफ अकाउंटेंट ऑफिसर है। प्रशांत कुमार को लोकायुक्त अधिकारियों ने उनके पिता के कार्यालय में 40 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा था। इस घटना से भी भाजपा की छवि बहुत दागदार हो गई थी।
इस बार के चुनाव में भाजपा का हिंदुत्व मॉडल व बजरंगबली की जय का नारा भी काम नहीं कर पाया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 9 विधानसभा सीटों पर प्रचार किया था। जिनमें से भाजपा 7 सीटें हार गई। भाजपा में बीएस येदुरप्पा के अलावा कोई बड़ा स्थानीय नेता नहीं था जिनके नाम पर वोट बटोरे जा सके। वहीं कांग्रेस ने मल्लिकार्जुन खड़गे को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर कर्नाटक के मतदाताओं को एक बड़ा संदेश दिया था। कर्नाटक चुनाव में मल्लिकार्जुन खरगे ने जमकर प्रचार किया। पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने पूरी चुनाव की कमान अपने हाथों में थाम रखी थी। भाजपा के अधिकांश स्टार प्रचारक उत्तर भारत से होने के कारण भी कर्नाटक के मतदाताओं ने उनकी अपील को स्वीकार नहीं किया।
चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री व वरिष्ठ लिंगायत नेता जगदीश शेट्टार का टिकट काटना भी भाजपा को भारी पड़ गया। भाजपा से टिकट कटने पर शेट्टार कांग्रेस में शामिल होकर हुबली से चुनाव मैदान में उतर गए। हालांकि वह स्वयं चुनाव हार गए मगर उनके पार्टी छोड़ने से भाजपा को कई सीटों पर नुकसान उठाना पड़ा। गुजरात की तर्ज पर कर्नाटक में भी कई वरिष्ठ नेताओं के टिकट काटे गए थे। जिनमें से अधिकांश नेता पार्टी से बगावत कर चुनाव मैदान में उतर गए और भाजपा प्रत्याशियों को हराने में महती भूमिका निभाई।
कर्नाटक चुनाव परिणामों ने भाजपा विरोधी दलों को एक बार फिर से एक मंच पर एकत्रित होने का सुनहरा अवसर प्रदान कर दिया है। भाजपा विरोधी दलों को लगने लगा है कि जिस तरह से कर्नाटक में कांग्रेस ने भाजपा को हराया है। उसी तरह आगे तेलंगाना, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित कई प्रदेशों में होने वाले विधानसभा चुनाव तथा 2024 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को हराया जा सकता है।
कर्नाटक में जीतकर कांग्रेस का मनोबल पहले से कई गुना अधिक मजबूत होगा। कांग्रेस पार्टी आने वाले चुनावों में सभी विपक्षी दलों को एकजुट कर चुनाव मैदान में उतरगी तो निश्चय ही सभी जगह भाजपा को मात देने में सफल हो सकेगी। कर्नाटक चुनाव में हारने से भाजपा का दक्षिण भारत से पूरी तरह सफाया हो गया है। कर्णाटक चुनाव से भाजपा का जो जनाधार कमजोर होना शुरू हुआ है। उसका खामियाजा भाजपा को आगे आने वाले चुनावों में भी उठाना पड़ सकता है।



रमेश सर्राफ
धमोरा
झुंझुनू राजस्थान

# मधुमेह की चपेट में युवा पीढ़ी,बढ़े दिल के रोग

युवा भारतीयों में अब तेजी से मधुमेह और उनसे होने वाले हृदय रोग देखे जा रहे हैं। मधुमेह के कारण युवाओं में किडनी कोलेप्स और हार्ट अटैक का खतरा भी बढ़ रहा है। युवाओं के शुगर पीड़ित होने का बड़ा कारण उनकी प्रोसेस्ड फूड और जंक फूड खाने की आदत है। युवा पीढ़ी को अपनी आदतों में सुधार करना ही होगा।
कहते हैं कि किसी भी अच्छे काम की शुरुआत मीठे से होनी चाहिए, लेकिन अगर ब्लड में शुगर लेवल बढ़ जाए तो ये आपके लिए खतरनाक हो सकता है। डायबिटीज होने का मतलब है कि आपको दिल की बीमारी, दिल का दौरा या स्ट्रोक जैसी समस्या हो सकती है। मधुमेह और हृदय रोग एक-दूसरे से संबंधित हैं, लेकिन ऐसा नहीं है कि इन बीमारियों से बचा नहीं जा सकता है। अगर डायबिटीज है तो ब्लड शुगर लेवल और साथ ही ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करके दिल की बीमारी और स्वास्थ्य की रक्षा कर सकते हैं। ज्यादा वक्त से डायबिटीज के कारण हाई ब्लड शुगर शरीर में मौजूद ब्लड वेसल्स, हार्ट ब्लड वेसल्स और दिल को नियंत्रित करने वाले नर्व्स को नुकसान पहुंचा सकता है।
एक शोध के अनुसार, जितने अधिक समय तक आपको डायबिटीज रहेगी, उतनी अधिक संभावना हृदय रोग की बढ़ेगी। डायबिटीज की वजह से हार्ट डिजीज का खतरा युवावस्था से ही शुरू हो जाता है। ज्यादातर डायबिटीज के वयस्क मरीजों में मौत का कारण हार्ट डिजीज ही होते हैं। वहीं कम उम्र में स्ट्रोक का भी खतरा बना रहता है। हालांकि अगर आप डायबिटीज को नियंत्रित रखेंगे तो दिल की बीमारी या स्ट्रोक का खतरा कम हो सकता है। इसके अलावा मधुमेह और हृदय रोग आपस में एक-दूसरे से संबंधित हैं। लगभग 80 प्रतिशत प्रतिशत शुगर से ग्रस्त मरीजों को दिल की बीमारी होती है। मधुमेह की वजह से ग्रस्त कई व्यक्तियों में हार्ट डिजीज के कोई लक्षण नहीं दिखाई देते हैं, इसलिए इसे अक्सर साइलेंट हार्ट डिजीज भी कहा जाता है।
बदलती लाइफस्टाइल और खानपान ने डायबिटीज रोगियों में दिल की बीमारी का खतरा बढ़ा दिया है। अस्पतालों में आने वाले अधिकांश दिल के मरीजों में टाइप-2 डायबिटीज देखी जा रही है। देश में 58 प्रतिशत मौतों का कारण दिल से जुड़ी बीमारियों में शुगर का होना है। युवा भारतीयों में अब तेजी से टाइप-2 शुगर और हृदय रोग देखे जा रहे हैं। मधुमेह के कारण युवाओं में किडनी कोलेप्स भी हो रहा है। युवाओं के शुगर पीड़ित होने का बड़ा कारण उनकी प्रोसेस्ड फूड और जंक फूड खाने की आदत है। इससे अधिक कैलोरी के कारण मोटापा बढ़ता है और शरीर निष्क्रिय होने लगता है। समय पर जांच न कराना, सही सलाह ना लेने से कम उम्र में युवा दिल की बीमारी से गुजर रहे हैं।
नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डायबिटीज एंड डाइजेस्टिव एंड किडनी डिजीज के अनुसार, डायबिटीज वाले लोगों में से दिल के रोगों से मौत की संभावना शुगर न होने वाले मरीजों की तुलना में दो से चार गुना अधिक होती है, क्योंकि मधुमेह से पीड़ित लोगों में हाई शुगर लेवल रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाने के अलावा सूजन बढ़ा सकता है और दिल में सामान्य रूप से बहने वाले खून को बाधित कर सकता है। इससे दिल के दौरे की संभावना बढ़ जाती है। कुछ सालों में कार्डियक अरेस्ट, दिल के दौरों से मरने वालों की संख्या में तेजी आई है। ऐसे में डॉक्टर शुगर के मरीजों को खासतौर पर अलर्ट रहने की सलाह देते हैं। साइलेंट हार्ट अटैक में मरीज को पहले से कोई लक्षण नहीं दिखता है। साइलेंट हार्ट अटैक की घटनाओं की संख्या महिलाओं की तुलना में पुरुषों में ज्यादा है।
एक अनुमान के अनुसार, 50 से 60 प्रतिशत तक मधुमेह रोगी में दिल के रोग से भी प्रभावित होते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जब शरीर में शुगर लेवल बढ़ जाता है तो इस कारण से ब्लॉकेज होने की भी आशंका बढ़ जाती है। यहां ब्लॉकेज से आशय कोरोनरी धमनियों, मस्तिष्क धमनियों और गुर्दे के रक्त प्रवाह में धीमी गति होना है। शुगर की अधिकता शरीर की रक्त वाहिकाओं में रुकावट पैदा करती है। इसे एथेरोस क्लोरोटिक हृदय रोग कहा जाता है। मधुमेह के रोगियों में उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, स्ट्रोक, गुर्दे की बीमारियां और आंख की रेटिना में दिक्कत आती है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन अभी तक यह मान रहा था कि मधुमेह से पीड़ित महिलाओं में ही साइलेंट हार्ट अटैक होने का खतरा बढ़ा है, लेकिन यह पुरुषों में भी उतना ही ज्यादा है।
विशेषज्ञ डायबिटीज के कारण होने वाली गंभीर परेशानियों को लेकर भी सचेत कर रहे हैं। इस बीच हालिया रिसर्च में कई चौंकाने वाले खुलासे भी सामने आए हैं। उम्रदराज लोगों के साथ नई उम्र में भी हार्ट संबंधी परेशानियां तेजी से बढ़ी हैं। सबसे हैरत वाली बात यह है कि अब 18 से 35 साल के लोगों में टाइप-2 डायबिटीज के केस भी आ रहे हैं। अब तक इस दायरे में टाइप-1 डायबिटीज वाले मरीज ही आते रहे हैं। टाइप-2 डायबिटीज, टाइप-1 से कहीं ज्यादा मानव अंगों को प्रभावित करती है। 18 से 35 साल की उम्र में भी मरीज शुगर और बीपी की चपेट में आ रहे हैं। ऐसे मरीजों की तादाद लगातार बढ़ रही है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इन मरीजों में हार्ट से जुड़ी तमाम दिक्कतें होने की संभावना भी ज्यादा रहती है। ऐसे में लापरवाही इनके लिए भारी पड़ सकती हैं। पिछले सालों का जो ट्रेंड है, उसे देखकर यह कह सकते हैं कि यंग पेशेंट्स में हार्ट डिजीज कॉमन रोग हो चुका है। खास बात यह है कि शहरी के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऐसे रोगी पाए जा रहे हैं।
टाइप-2 डायबिटीज पेशेंट में हार्ट को खून पहुंचाने वाली धमनियों में ब्लॉकेज होने से हार्ट अटैक होने के चांसेस ज्यादा रहते हैं। वहीं ब्रेन में खून पहुंचाने वाली धमनियों में ब्लॉकेज होने से ब्रेन स्ट्रोक का खतरा रहता है। 30-35 वर्ष की आयु के बाद सभी महिलाओं और पुरुषों को साल में एक बार ब्लड चेकअप अवश्य करवाना चाहिए। इससे शुरुआती स्तर पर ही रोगों का पता चलने से इलाज शीघ्र और प्रभावी होता है। सही डाइट, एक्सरसाइज, तनाव से दूर रहना, 8-9 घंटे की नींद लेना और वजन नियंत्रित रखने से मधुमेह और हृदय रोग की संभावना को काफी हद तक कम किया जा सकता है। मधुमेह और हृदय रोग को कम करने के लिए जीवन-शैली में बदलाव करना बेहद जरूरी है। किसी भी बीमारी के दस्तक देने से पहले ही अपने आपको हेल्दी रखने की कोशिश करें। पौष्टिक आहार लें और रोजाना एक्सरसाइज करें। अगर एक्सरसाइज नहीं कर पा रहे हैं तो वॉक करें और इन सबके साथ डॉक्टर से मिलकर सलाह लें।



अमित
बैजनाथ
गर्ग
जयपुर,
राजस्थान,

## लफ्जों को नफासत से


लफ़्ज़ों को नफ़ासत से सजाओ तो गजल है
बुझते हुये चराग़ जलाओ तो गज़ल है
अफ़साना दर्द से भरा हो या मोहब्बत का
अश्कों को निगाहों में बसाओ तो गज़ल है
बातें सबा की हों या गुलों की बहारों की
फ़लक से चांद तोड़ के लाओ तो गज़ल है
हो ज़िक्र शबे ग़म का या खुशी की हो सहर
अर्ज़ें बयां या तर्ज़ें सुनाओ तो गज़ल है
राहें हों अज़नबी या हो रुहानी हमसफ़र
बनकर ख़याल रुह पे छाओ तो गज़ल है
तारीफ़ हुश्न की हो या वफ़ा का हो चर्चा
आईने से नज़रों को मिलाओ तो गज़ल है



पुष्पा स्वाती
मुम्बई

## तलाश

किसी दास्तां की तलाश कर
घर के निशां की तलाश कर
जो उड़ा दिए थे आंधी ने
उस साएबां की तलाश कर
गुलशन फ़कत क़ाफ़ी नहीं
गुल के जहां की तलाश कर
घर जैसा होगा सुकूं जहाँ
ऐसे मकां की तलाश कर
गीत ज़मीं पे चल के भी
तू आसमां की तलाश कर



प्रियंका
अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

## मिली है नसीब से


मिली है नसीब से ,
न कहो जिंदगी अच्छी नहीं।
खुल के मिलो जिंदगी से,
ये बेरुखी अच्छी नहीं।
अच्छी बात है, चेहरे पे तबस्सुम रखना,
मगर याद रहे, बेवक्त की हँसी
अच्छी नहीं।
यौवन की दहलीज
पे रखना कदम देख के,
सरे महफिल आपकी
ये बेबाकी अच्छी नहीं।
हुस्नपरस्तों से मिलना तुम
जरा सँभल के,
दुश्मनी अच्छी नहीं,
इन से दोस्ती अच्छी नहीं।
आँखो में हो हया का परदा,
तो खूबसूरत है,
ये बेहयाई के ये बेवफाई
कभी अच्छी नहीं।



ओमप्रकाश
बिन्जवे राजसागर
भोपाल,मध्यप्रदेश

## गर्जना

अभी भी वक़्त है, खुद को ढूंढ लो ज़रा
कहीं जो गुम है कब से, उसे पा लो ज़रा
भुला न देना खुद को ये दुनिया के मेले में
बड़े कीमती हो तुम,बस ये समझ लो ज़रा
ज़ालिम है दुनिया,तुम्हें खुद से जुदा कर देगी
अपने सांचे में तुम्हें ढलने पे मजबूर कर देगी
खुद को उस सांचे में न पिघलने दो ज़रा
अपने वजूद की भी तो इबादत करो ज़रा
टूटने न देना ये विश्वास जो जगा है तुम में
वक़्त का है खेल,उसे काबू में कर लो ज़रा
विश्वास की ज्वाला, हर बाधा राख कर देगी
तुम्हें सही राह दिखा,मंज़िल आसान कर देगी
क्या नहीं जो कर सकते,कदम तो बढ़ाओ ज़रा
हर मंज़िल तुम हो पा सकते, हौसला रखो ज़रा
जो असंभव को संभव कर दे
वो जज़्बा है तुम में
कर गर्जना,अपने होने का ये ऐलान कर दो ज़रा



आशीष शर्मा
अमृत
जयपुर, राजस्थान

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# खाद्य मंत्री ने सड़क निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन,ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 मई 2023 (घटती-घटना)।

खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत शुक्रवार को विकासखंड अम्बिकापुर के नवापाराखुर्द पहुंचे। यहां उन्होंने नवापाराखुर्द-भालूकछार एप्रोच सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस रोड की निर्माण लागत 10 लाख रुपए होगी। इसी तरह उन्होंने विकासखंड मैनपाट के ग्राम जंगलीजोबा में भी लगभग 2 किमी लंबाई की सड़क का भूमिपूजन किया। सपनादर से जंगलीजोबा इस वनमार्ग उन्नयन कार्य की लागत 20 लाख रुपए होगी। मंत्री श्री भगत ने सभी निर्माण एजेंसियों को समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ग्राम जंगलीजोबा में ग्रामीणों से संवाद भी किया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा मांग पर मंत्री श्री भगत ने पीडीएस तहत खाद्यान्न वितरण की व्यवस्था गांव के ही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात से पूर्व गांव में खाद्यान्न का संग्रहण कर लिया जाए। इसी तरह स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता पर ईई पीएचई से जानकारी ली और एफएचटीसी के माध्यम से नल कनेक्शन गांव तक करने कहा। गांव में स्कूल की मांग पर उन्होंने कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार से आवश्यक कार्यवाही पर चर्चा की। साथ ही नहर की लंबाई बढ़ाकर सिंचाई क्षेत्र में वृद्धि करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने फॉरेस्ट रेस्ट हाउस मैनपाट में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मोबाइल वितरण किया।



उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बेहतर भविष्य का निर्माण तभी हो सकता है, जब हमारे बच्चे स्वस्थ होंगे। शासन द्वारा संचालित सुपोषण अभियान की प्रगति ऑनलाइन दर्ज करने मोबाइल वितरण किया जा रहा है। बेहतर काम करें और अभियान की सफलता में अपना सक्रिय योगदान दें। कार्यक्रम के तहत मैनपाट विकासखंड के 228 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन वितरण किया जा रहा है। इस दौरान गौ-सेवा आयोग के सदस्य अटल यादव, कृषक कल्याण परिषद के सदस्य श्री संजय गुप्ता, उर्दू अकादमी के सदस्य श्री बदरुद्दीन इराकी, वरिष्ठ नागरिक सहित एसडीएम मैनपाट एवं खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# इंदिरा गांधी कृषि विवि रायपुर में नौकरी लगवाने के नाम पर 2 लाख की ठगी

## पीड़ित ने मामले पर कोतवाली थाना में की है शिकायत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 मई 2023 (घटती-घटना)।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में नौकरी लगवाने के नाम पर 2 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली में की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




जानकारी के अनुसार उदय सिंह राणा शहर के बौरीपारा के निवासी हैं। इनकी पहचान इसी वर्ष अश्वनी शर्मा से हुई थी। उदय सिंह राणा अपने बेटे अंकुर सिंह राणा का कृषि महाविद्यालय रायपुर में नौकरी लगवाने की बात की थी। इसके लिए अश्वनी शर्मा ने रोहित चन्द्रा महावीर ग्लोबल स्कूल उत्तई भिलाई से संपर्क कराया। उदय सिंह राणा रोहीत चन्द्रा से मिलने रायपुर भी गये थे। वहां पर रोहीत चन्द्रा ने आश्वासन दिया कि आपके लडक़े की नौकरी कृषि महाविद्यालय में लगवा दी जाएगी। इसके लिए दो लाख रुपए लगेंगे। इस बात पर दोनों के बीच सहमती हो गई और उदय सिंह राणा अंबिकापुर वापस आ गए। 21 मार्च 2023 को रोहीत चन्द्रा ने उदय सिंह राणा के मोबाइल पर फोन कर बताया कि आप आश्वनी शर्मा के खाते में पैसा जमा कर दीजिए। इसके लिए वह अश्वनी शर्मा से बात की। अश्वनी शर्मा ने एक फोन पे का नंबर दिया जो आर्या शर्मा के नाम से था। उस नंबर पर उदय सिंह राणा ने अपने मोबाइल न 9826124016 से डेढ लाख रुपए व 20 हजार रंजीत गुप्ता के पेटीएम से तथा 30 हजार रुपये मनीष सिंह के पेटीएम से जमा कराया था। रोहीत चन्द्रा एवं अश्वनी शर्मा द्वारा 2 लाख रुपए लेने के बाद भी उदय सिंह राणा के बेटे अंकुर सिंह का नौकरी कृषि महाविद्यालय रायपुर में नहीं लगवाया और न ही रुपए वापस कर रहा है। उदय सिंह राणा ने अश्वनी शर्मा व रोहित चन्द्रा के खिलाफ कोतवाली में शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मेजर ध्यानचंद क्रीडा महोत्सव कार्यक्रम का समापन




- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 मई 2023 (घटती-घटना)।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अम्बिकापुर द्वारा 16 से 18 मई तक मेजर ध्यानचंद क्रीडा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के समापन अवसर पर खिलाडिय़ों का उत्साह बढ़ाने के लिए उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग सह कार्यवाह अजय मिश्रा, ग्राम सरगवां के सरपंच रीना हरिना,जनपद सदस्य संजय सिंह और कार्यक्रम के समापन में माता राज रानी मेमोरियल हॉस्पिटल के डायरेक्टर नरेंद्र सिंह टूटेजा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व सरगुजा विभाग के संगठन मंत्री दीपक गुप्ता, नगर मंत्री यशराज सिंह की उपस्थित में विजेता टीम को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कमेटी अध्यक्ष सदस्य रोहन मंडल नगर सह मंत्री ,अभिषेक विश्वास, अमित विश्वास, तपस मंडल, शुभांशु प्रजापति, सानू राय, राहुल मंडल उपस्थित थे ।

# स्वस्थ ग्राम परियोजना से 10 हजार से अधिक ग्रामीण हुए लाभान्वित

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 मई 2023 (घटती-घटना)।

जिले के उदयपुर विकासखंड में ग्राम साल्ही के बैगापारा में रहने वाले हरी सिंह (बदला हुआ नाम) की पत्नी जिसकी उम्र 45 साल है, कई दिनों से बुखार व सिरदर्द से पीड़ित थी, साथ ही वह कमजोरी भी महसूस कर रही थी। अपनी बीमारी के इलाज के लिए अदाणी फाउंडेशन द्वारा स्थापित स्वास्थ्य सुविधा केंद्र, साल्ही में गई। जहां डॉ. रंगनाथ उपाध्याय के चिकित्सकीय परामर्श में उसे उसके ही गाँव में उपचार मिलने के बाद, उसके शरीर में ताकत वापस आ चुकी है और अब वह पूरी तरह से ठीक होकर सामान्य जीवन जीने लगी है। इसके बारे में पूछे जाने पर हरी सिंह की पत्नी ने अदाणी फाउंडेशन के स्वास्थ्य सुविधा केंद्र में अपने ईलाज के संबंध में संतोष और प्रसन्नता व्यक्त की। राजस्थान राज्य उत्पादन निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) के सामाजिक सरोकार के तहत चलाई जा रही स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम से क्षेत्र के ग्रामीणों को इसी तरह की बेहतर स्वास्थ्य सेवा,आवश्यक चिकित्सा और शीघ्र स्वास्थ्य देखभाल इत्यादि सुविधाओं को समय से पहुंचाना अब संभव होने लगा है। परसा ईस्ट केते बासेन (पीईकेबी) खुली खदान परियोजना के ग्राम परसा, साल्ही, बासेन, घाटबर्रा, जनार्दनपुर, हरिहरपुर, फतेहपुर इत्यादि सहित कुल 14 प्रभावित ग्रामों में अदाणी फाउंडेशन न सिर्फ मोबाईल मेडिकल वैन द्वारा लोगों को घर पहुँच स्वास्थ्य जांच की सुविधा एवं दवाइयाँ निःशुल्क उपलब्ध करा रहा है अपितु इन सेवाओं के विस्तार के लिए साल्ही और परसा गांव में बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित स्वास्थ सुविधा केंद्र भी स्थापित किया गया है। यही नहीं सीएसआर के तहत एम्बुलेंस सेवा भी सभी प्रकार की आपात स्थितियों से निपटने के लिए 24 घंटे चालू की गई है। स्वस्थ ग्राम परियोजना से 10 हजार से अधिक ग्रामीण हुए लाभान्वित हो चुके हैं।




## निधन

### शशिभूषण सिंहदेव



**अंबिकापुर।** नगर के बिशुनपुर स्थित पाठक कालोनी निवासी भाजपा नेता शशिभूषण सिंहदेव का निधन हो गया। वे 62 वर्ष के थे। उनका उपचार रायपुर के अस्पताल में चल रहा था। लगभग दो माह पहले उन्हें अटैक आया था और बाथरूम में गिर पड़े थे। इसके बाद उन्हें उपचार के लिए रायपुर का रेफर कराया गया। लंबे उपचार के बाद उनका बुधवार की रात निधन हो गया। गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया।वे शिक्षिका मंजुलता सिंहदेव के पति,डा गौरव सिंहदेव,डा गरिमा सिंहदेव,गीतिका सिंहदेव,महिमा सिंहदेव के पिता थे।वे मूलतः भैयाथान के ग्राम लखनपुर परिवार के सदस्य थे।

# वट सावित्री का पर्व जिले में धूमधाम से मनाया गया





- संवाददाता -
सूरजपुर,19 मई 2023 (घटती-घटना)।

वट सावित्री का पर्व जिले में धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न स्थलों पर बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंच वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। जिला मुख्यालय के सिटी कोतवाली कॉलोनी स्थित शंकर मंदिर प्रांगण में बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंच पूजा अर्चना कर अपने पति के दीर्घायु सुख समृद्धि की कामना की शुक्रवार को व्रत के दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए भगवान विष्णु के साथ मां लक्ष्मी और वट वृक्ष यानी बरगद के पेड़ की विधि-विधान से पूजा की गई । धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, वट सावित्री व्रत का महत्व करवा चौथ के व्रत जितना होता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं व्रत रखती हैं। मान्यता है कि वट वृक्ष की पूजा लंबी आयु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य देने के साथ ही हर तरह के कलह और संतापों का नाश करने वाली होती है। कहा जाता है कि इसी दिन सावित्री अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस ले आई थीं। तभी से महिलाएं सावित्री के समान अपने पति की दीर्घायु की कामना के लिए इस व्रत को करती हैं।

# 22 मई से अलॉटमेंट लेटर जारी कर दिया जाएगा...

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 मई 2023 (घटती-घटना)।

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी स्कूल सोहगा में लॉटरी के पश्चात, 22 मई से विद्यालय में अलाटमेंट लेटर जारी कर प्रवेश दिया जाएगा। विदित है को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी स्कूल सोहगा में 18 मई 23 को कक्षा पहली से लेकर कक्षा सातवीं तक प्रवेश दिए जाने हेतु छात्रों का चयन पूर्ण पारदर्शी लॉटरी क्रिया द्वारा किया गया है। 22 मई से लॉटरी उपरांत अलॉटमेंट लेटर चयनित विद्यार्थियों को दिया जाएगा तथा आवश्यक दस्तावेज विद्यालय में जमा किए जाएंगे। विद्यालय में गरीबी रेखा के अंतर्गत 25 प्रतिशत आरक्षण द्वारा छात्र तथा छात्राओं को प्रवेश दिया गया है। कक्षा पहली में 50 सीटों पर प्रवेश हेतु लॉटरी हुई तथा अन्य कक्षाओं में गत वर्षों के आधार पर शेष सीटों की उपलब्धता तय की गई थी जिसपर लॉटरी द्वारा प्रवेश दिया जा रहा है। विद्यालय की प्राचार्या लीना थॉमस ने बताया की लॉटरी की पारदर्शी क्रिया के तहत विद्यार्थियों को विद्यालय में प्रवेश दिया जा रहा है, अत्यंत हर्ष का विषय है की जिले के विभिन्न क्षेत्रों के विद्यार्थी विद्यालय में प्रवेश लेना चाहते हैं, विद्यालय में सीटों की उपलब्धता के आधार पर विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है। विदित है की 18 मई को लॉटरी की प्रक्रिया करजी बॉयज स्कूल में विद्यालय समिति के सदस्यों कद्वारा पालकों तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति में की गई थी। प्रत्येक कक्षा हेतु सीटों की उपलब्धता का अनुपातिक ध्यान रखते हुए प्रतीक्षा सूची भी निर्धारित की गई है, सभी चयनित विद्यार्थी विद्यालय से अपना अलॉटमेंट लेटर 22 मई से प्राप्त कर सकते हैं तथा अपने आवश्यक दस्तावेज भी विद्यालय में जमा कर सकते हैं।

# निर्माणाधीन मकान से कॉपर वायर चोरी मामले में थाना विश्रामपुर पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
सूरजपुर,19 मई 2023 (घटती-घटना)।

दिनांक 13.05.23 को विश्रामपुर निवासी राजेश जैन ने थाना विश्रामपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि शिवनंदनपुर के निर्माणाधीन मकान में वायरिंग का काम चल रहा है जिसके लिए 38 हजार रूपये का कापर वायर खरीदा था, 12 मई को बिजली मिस्त्री व लेबर काम कर घर को बंद करके चले गए अगले दिन निर्माणाधीन मकान में गया तो देखा कि पीछे का दरवाजा खुला है और वायरिंग किए बिजली के तार को सभी जगह से खींच-खींच कर काट कर कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 457, 380 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने अज्ञात चोर की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व सीएसपी जे.पी.भारतेन्दु के मार्गदर्शन में थाना विश्रामपुर पुलिस के द्वारा चोर की पतासाजी करने के दौरान मुखबीर की सूचना पर संदेही मोहम्मद सरफराज अंसारी को पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर 2 बंडल बिजली कापर वायर, वायर काटने वाला चाकू व घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर आरोपी मोहम्मद सरफराज अंसारी पिता मोहम्मद जाहिर उम्र 28 वर्ष निवासी शांतीपारा शिवनंदनपुर, थाना विश्रामपुर को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी विश्रामपुर राजेश खलखो, एएसआई शशि शेखर तिवारी, प्रवीण राठौर, प्रधान आरक्षक रामनिवास तिवारी, आरक्षक उमेश राजवाड़े, आसिफ अख्तर, ललन सिंह, बिहारी पाण्डेय, योगेश, प्यारेलाल राजवाड़े, विजय साहू व कृष्णा सिंह सक्रिय रहे।




# सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु के लिए की वट वृक्ष की पूजा

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 मई 2023 (घटती-घटना)।

सुहागिन महिलाओ ने पति की लंबी आयु के लिए शुक्रवार को वट सावित्री का व्रत रखा। वट वृक्षों की पूजा करने का दौर सुबह से ही जारी रहा जो शाम तक चलता रहा। महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा कर पति की लंबी उम्र की कामना की। इस दौरान महिलाओं ने श्रृंगार दान किया और सूख समृद्धि की कामना की। महिलाएं पूरी पूरी श्रृंगार कर पूजा करने वट वृक्ष के पास पहुंची और वट वृक्ष पर रक्षा सूत्र बांधकर अखंड सौभाग्य की कामना कीं।



वट सावित्री व्रत को लेकर महिलाओं में खास उत्साह रहता है। महिलाएं इसके लिए एक दो दिन पूर्व ही तैयारी शुरू कर दीं थी। हाथ में मेहंदी, श्रृंगार का सामान व नई साड़ी खरीदने के बाद शुक्रवार को वट वृक्ष की पूजा कीं। शहर के गांधी चौक स्थित दुगा मंदिर, मां महामाया मंदिर, गौरी मंदिर, सहित अन्य वट वृक्षों की पूजा की गई। महिलाएं अहले सुबह से ही पूजा अर्चना शुरू कर दी थीं। जो बारी-बारी से देर शाम तक पूजा अर्चना का दौर चलता रहा। इस दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधे और अपने पति की लंबी उम्र की कामना कीं। वट सावित्री व्रत के अवसर पर महिलाओं ने सबसे पहले वट वृक्ष की पूजा की। इसके बाद 108 बार परिक्रमा कर रक्षा सूत्र बांधे। इस दौरान काफी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं। इसके बाद वट वृक्ष की पूजा करने के बाद महिलाओं ने सत्यवान और सावित्री की था सूनी। कथा सूनने के बाद सुहागिनों ने श्रृंगार दान कर पति की लंबी उम्र की कामना कीं।वट सावित्री व्रत को लेकर सुहागिन महिलाओं में खास उत्साह रहता है। महिलाएं पूरे 16 श्रृंगार कर वट वृक्ष की पूजा करने पहुंची। पूजा के क्रम में महिलाएं अपनी खुबसूरत तस्वीर भी कैमरे में कैद किया और वट सावित्री पूजा को यादगार बनाया।

# चोरों पर कार्रवाई,भटगांव पुलिस ने पकड़ा चोरी के कबाड़ का जखीरा

» एसईसीएल के कबाड़ चोरी करने वाले 2 चोर गिरफ्तार

» 2 लाख 80 हजार रूपये कीमत के 4 टन कबाड़ व एक पिकअप वाहन जप्त

- संवाददाता -
सूरजपुर,19 मई 2023 (घटती-घटना)।

पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर कारवाई करते हुए कबाड़ का जखीरा बरामद किया है। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री राम गोपाल गर्ग (भा.पु.से.) के सतत् मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को अवैध कार्यो में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। इसी परिप्रेक्ष्य में बीते 18.05.2023 को थाना भटगांव पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि इंदिरा कालोनी डुगडुगीयापारा का देवानंद सोनी, सुरेन्द्र सोनी एसईसीएल कॉलरी में उपयोग होने वाले लोहे का सामान कबाड़ अपने घर बाड़ी में रखा है।



मामले की सूचना से पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) को अवगत कराने पर उन्होंने तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना भटगांव की पुलिस फौरन मौके पर पहुंची जहां देवानंद के घर पास बाड़ी में रोलर लोहे का चक्का दो भागों में, डोजर सायलेंसर, टंकी पुराना, लोहे का छोटा बड़ा प्लेट 50 नग कुल कबाड़ वजन करीब 4 टन कीमत 2 लाख 80 हजार रूपये का पाया गया। उक्त सामग्री के खरीद-बिक्री संबंधी दस्तावेज की मांग करने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया जो चोरी का होने के पूर्ण संदेह पर धारा 41(1-4)/379 भादसं. के तहत कार्यवाही कर 4 टन कबाड़ व एक पिकअप वाहन जप्त कर आरोपी देवानंद सोनी पिता सुरेन्द्र सोनी उम्र 20 वर्ष, सुरेन्द्र सोनी पिता सुखदेव सोनी उम्र 50 वर्ष निवासी इंदिरा कालोनी, डुगडुगीयापारा, थाना भटगांव को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ पर आरोपियों ने लोहे के सामान को चोरी करना एवं बिक्री करने के लिए रखना बताया। मामले 1 अन्य आरोपी फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही है।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव राजेन्द्र साहू, एसआई सी.पी.तिवारी, बीएम गुप्ता, प्रधान आरक्षक पूरनचंद राजवाड़े, आरक्षक प्रकाश साहू, मनोज जायसवाल, विनोद सिंह, कमलेश्वर सिंह, शैलेष राजवाड़े, मोहम्मद नौशाद, भोला शंकर राजवाड़े, भुनेश्वर पाटले व प्रहलाद पैंकरा सक्रिय रहे।

### राज्य के साढ़े 24 लाख किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत

# मिलेगी 1895 करोड़ रूपए की पहली किश्त

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 21 मई को सांकरा पाटन में आयोजित हो रहे भरोसे के सम्मेलन में करेंगे किसानों के खाते में राशि का अंतरण

**» राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत छत्तीसगढ़ सरकार दे चुकी है राज्य के किसानों को अब तक 18,208 करोड़ रूपए की इनपुट सब्सिडी**

**रायपुर, 19 मई 2023(ए)।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि 21 मई को राज्य के किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत इस साल दी जाने वाली सौगातों के सिलसिले कि शुरुआत करने जा रही है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल 21 मई को दुर्ग जिले के सांकरा पाटन में आयोजित होने वाले भरोसे के सम्मेलन में राज्य के 24 लाख 52 हजार 592 किसानों को इस योजना की पहली किश्त के रूप में 1894 करोड़ 93 लाख रूपए की राशि का ऑनलाईन अंतरण उनके बैंक खातों में करेंगे। इसके बाद किसानों को आगामी अगस्त, अक्टूबर और मार्च महीने में क्रमशः तीन और किश्तों में राशि दी जाएगी जो लगभग 6000 करोड़ रुपए की होगी। छत्तीसगढ़ सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में इस योजना के तहत 6800 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा है, परन्तु बीते खरीफ सीजन में पंजीकृत किसानों की संख्या ,रकबा और धान की रिकार्ड खरीदी को देखते हुए इस योजना के तहत किसानों को दी जाने वाली इनपुट सब्सिडी की यह राशि लगभग 8000 करोड़ होने का अनुमान है।
गौरतलब है कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत कृषि लागत में कमी लाने, फसल विविधिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खरीफ फसलों के उत्पादक कृषकों को प्रति एकड़ के मान से 9 हजार रूपए की इनपुट सब्सिडी दी जा रही है। खरीफ वर्ष 2019 से लागू इस योजना के तहत राज्य के किसानों को अब तक 18208 करोड़ रूपए की इनपुट सब्सिडी दी जा चुकी है। चालू वित्तीय वर्ष में इस योजना के तहत चार किश्तों में किसानों को लगभग 8000 करोड़ रूपए इनपुट सब्सिडी के रूप में मिलेंगे।
राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत खरीफ वर्ष 2019 के धान उत्पादक 18.43 लाख किसानों को 10 हजार रूपए प्रति एकड़ की दर से 5627 करोड़ 2 लाख रूपए इनपुट सब्सिडी के रूप में वितरित किया गया था जब कि खरीफ वर्ष 2020 के धान उत्पादक 20.59 लाख




किसानों को 5553 करोड़ 8 लाख रूपए का भुगतान उनके बैंक खातों में किया गया। वर्ष 2021 से इस योजना में समस्त खरीफ फसलों एवं उद्यानिकी फसलों को शामिल किया गया है एवं उत्पादक कृषकों को प्रति वर्ष प्रति एकड़ के मान से 9 हजार रूपए इनपुट सब्सिडी दिए जाने का प्रावधान किया गया। वर्ष 2020-21 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किए गए रकबे में धान के बदले अन्य फसलों की खेती, उद्यानिकी फसल अथवा वृक्षारोपण करने पर प्रति एकड़ 10 हजार रूपए की इनपुट सब्सिडी दिए जाने का प्रावधान किया गया है। खरीफ वर्ष 2021 में विभिन्न फसलों, उद्यानिकी फसलों के उत्पादक 23.35 लाख कृषकों को 7028 करोड़ रूपए की इनपुट सब्सिडी का भुगतान उनके बैंक खातों में किया जा चुका है।
राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत छत्तीसगढ़ में किसानों को दी जा रही इनपुट सब्सिडी के चलते राज्य में खेती-किसानी को बड़ा संबल मिला है। खेती छोड़ चुके लोगों का रुझान फिर से खेती की ओर बढ़ा है। वर्ष 2017-18 की तुलना में राज्य में धान विक्रय करने वाले किसानों की संख्या में 11 लाख से अधिक की वृद्धि और उपार्जित धान की मात्रा में 50 लाख मैट्रिक टन से अधिक की वृद्धि हुई है। वर्ष 2018-19 से लेकर अब तक हर साल राज्य में धान की रिकॉर्ड खरीदी हुई है। छत्तीसगढ़ सेंट्रल पूल में धान देने के मामले में देश का दूसरे नंबर का राज्य बन गया है। समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों की संख्या के मान से यदि देखा जाए, तो छत्तीसगढ़ राज्य देश में पहले नंबर पर है।

### भरोसे के सम्मेलन में नहीं आएंगे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे

भरोसे के सम्मेलन में कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे नही आएंगे। दरअसल, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विधानसभा क्षेत्र पाटन के सांकरा में 21 मई को भरोसे का सम्मेलन आयोजित होने को था। इस सम्मेलन में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी शामिल होने वाले थे। कार्यक्रम की तैयारी एवं समीक्षा के लिए 19 मई को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पाटन में बैठक लेने वाले थे, इसी बीच खबर आई कि कर्नाटक के मंत्रिमंडल गठन के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभी व्यस्त हैं। इसी वजह से मल्लिकार्जुन खड़गे छत्तीसगढ़ नही आएंगे।
पाटन विधानसभा क्षेत्र में मल्लिकार्जुन खड़गे का यह प्रथम प्रवास है। उसके जोरदार स्वागत की भी तैयारी की जा रही थी। विश्राम गृह पाटन में शुक्रवार आयोजित होने वाले बैठक की तैयारी के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी गई थी। वहां पर बड़ी संख्या में आज भी कार्यकर्ता डटे हुए हैं।

## आईटीआई प्रशिक्षण अधिकारियों के 920 पदों के लिए भर्ती परीक्षा 7 से 22 जून तक

**रायपुर, 19 मई 2023(ए)।** मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद आईटीआई में प्रशिक्षण अधिकारियों की भर्ती के लिए परीक्षा कार्यक्रम का ऐलान कर दिया गया है। प्रदेश के आईटीआई संस्थानों में 920 पदों पर होने वाले प्रशिक्षा अधिकारियों की भर्ती परीक्षा 7 मई से प्रारंभ होगी तथा 22 जून तक चलेगी।
आईटीआई प्रशिक्षण अधिकारियों की भर्ती की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल को सौंपा गया था। व्यापमं ने अब परीक्षा के लिए टाइम टेबल तय कर लिया है। व्यापमं के अनुसार प्रशिक्षण अधिकारी इन्फॉर्मेशन एण्ड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी सिस्टम मेंटेनेंस की परीक्षा 7 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट की परीक्षा 7 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 तक होगी। इसी तरह प्रशिक्षण अधिकारी इलेक्ट्रिशियन की परीक्षा 8 जून को सुबह 10 बजे से




दोपहर 12.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी वायरमैन की परीक्षा 8 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी कारपेंटर की परीक्षा 9 जून को सवेरे 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी टर्नर की परीक्षा 9 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक आयोजित की जाएगी।
इसी तरह प्रशिक्षण अधिकारी ड्राइवर कम मैकेनिक की परीक्षा 12 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी मैकेनिक मोटर व्हीकल की परीक्षा 12 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी मेसन (बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन) की परीक्षा 13 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी हॉस्पिटल हाउस कीपिंग की परीक्षा 13 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक होगी। प्रशिक्षण अधिकारी फिटर की परीक्षा 14 जून को सवेरे 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी वेल्डर की परीक्षा 14 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी मैकेनिक डीजल की परीक्षा 15 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी ट्रैक्टर मैकेनिक की परीक्षा 15 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रशिक्षण अधिकारी मशीनिस्ट की परीक्षा 20 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी शीट मेटल वर्कर की परीक्षा 20 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी सेक्रेटेरियल प्रेक्टिस (अंग्रेजी) की परीक्षा 21 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी सिविंग टेक्नॉलाजी की परीक्षा 21 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक तथा प्रशिक्षण अधिकारी एम्प्लायबिलिटी स्किल की परीक्षा 22 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक होगी।

## छत्तीसगढ़ का 15 सौ करोड़ रू. का तेलंगाना पर है बकाया

**» तेलंगाना पर कई सालों से 36 सौ करोड़ का बकाया है, 21 सौ की बात माना अब 15 सौ करोड़ के बकाया का मामला ऊर्जा मंत्रालय पहुंचा**

**रायपुर, 19 मई 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ राज्य पावर कंपनी से पहले धड़ल्ले से तेलंगाना राज्य ने बिजली ख़रीदा। अब तक तेलंगाना राज्य पर छत्तीसगढ़ राज्य का 36 सौ करोड़ पकाया है। काफी मशक्कत के बाद आखिरकार तेलंगाना राज्य ने यह मान लिया है कि उस पर 21 सौ करोड़ बकाया है। ऐसे में छत्तीसगढ़ राज्य पावर कंपनी ने तेलंगाना के खिलाफ केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय तक गुहार लगाया है।
छत्तीसगढ़ ने अपना बकाया वसूलने के लिए दिल्ली में दावा कर दिया है। इसके बाद केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने तेलंगाना बिजली कंपनी को केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने जमकर फटकार लगाई है। तेलंगाना पर कई सालों से 36 सौ करोड़ का बकाया है। पहले तेलंगाना ने इस बकाया में से 15 सौ करोड़ का ही बकाया माना, लेकिन बाद में तेलंगाना ने छह सौ करोड़ का और बकाया मान लिया। ऐसे में 21 सौ करोड़ का बकाया तो मान लिया गया लेकिन 15 सौ करोड़ के बकाया पर पेंच फंसा रहा। ऐसे में दोनों कंपनियों ने आमने-सामने बैठकर बात करने का रास्ता निकाला।

**छत्तीसगढ़ राज्य पावर कंपनी ने तेलंगाना से अपना बकाया वसूलने के लिए दिल्ली में दावा कर दिया है,**



जानकारी के मुताबिक जब आमने-सामने बात हुई तो तेलंगाना ने सात पैसे प्रति यूनिट ट्रेडिंग शुल्क पर बड़ी आपत्ति जताई। इसका कुल शुल्क सवा सौ करोड़ होता है। इसी के साथ स्टार्टअप पॉवर शुल्क, एसएलडीसी, पानी, वीसीए और एफसीए शुल्क के दस्तावेज मांगे कि इस पर क्या खर्च किया गया है। इसके बाद पॉवर कंपनी ने तेलंगाना को सारे दस्तावेज भी उपलब्ध करा दिए हैं। इसके बाद भी वहां से बकाया को लेकर कोई बात नहीं हो रही है।
केंद्र सरकार को भेजी जानकारी
छत्तीसगढ़ राज्य पावर कंपनी भी चाहती है कि बकाया का मामला सुलझ जाए और तेलंगाना को जो भी आपत्ति है उसका शुल्क काटकर जो बकाया वह मान रही है, उस पर सहमति बने और मामला समाप्त हो। लेकिन जब तेलंगाना की तरफ से किसी भी तरह की पहल नहीं हो रही है तो अपना बकाया लेने के लिए अब छत्तीसगढ़ राज्य कंपनी ने केंद्र सरकार में दावा किया है। पावर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक अब केंद्र सरकार के प्राप्ति पोर्टल में बकाया के अपलोड होने की संभावना है। केंद्रीय मंत्रालय से प्राप्त पोर्टल में बकाया अपलोड करने से पहले एक बार दोनों कंपनियों के अधिकारियों को बुलाकर बात की। तेलंगाना से कहा गया, आपस में बात करके अगर मामला सुलझ जाता है और कुछ बकाया कम हो जाता है वह कर लें, अगर एक बार बकाया प्राप्त पोर्टल में अपलोड हो गया तो मामला सुलझाना कठिन होगा।

## अब आप घर बैठे पहुंचा सकेंगे शासकीय विभागों तक अपनी शिकायतें

**रायपुर, 19 मई 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 21 मई को दुर्ग जिले के सांकरा पाटन में आयोजित होने वाले भरोसे के सम्मेलन में सारथी ऐप का शुभारंभ करेंगे। दुर्ग जिला प्रशासन द्वारा तैयार कराए गए इस मोबाईल ऐप के माध्यम से नागरिक आसानी से किसी भी समय अपनी शिकायत को दर्ज व ट्रैक कर सकेंगे। इस ऐप के माध्यम से आम नागरिक शासन के विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकेंगे। इस ऐप के माध्यम से मिलने वाली शिकायतों और समस्याओं का संबंधित विभागों द्वारा त्वरित निराकरण किया जाएगा।
सारथी ऐप को मोबाइल के माध्यम से गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। इस ऐप में मोबाइल नंबर के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करते ही उसे यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त होगा। प्राप्त आईडी में व्यक्ति लॉगिन कर अपनी समस्या को दिए गए फॉर्मेट में अंकित कर



अपने आवेदन को सबमिट करेगा। ऐप के माध्यम से दर्ज की गई शिकायत अग्रिम कार्यवाही के लिए जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित किए गए नोडल अधिकारी के पास प्रस्तुत होगी।
जिसमें नोडल अधिकारी संबंधित विभाग को आवेदन फॉरवर्ड करेगा। प्राप्त आवेदन पर संबंधित विभाग को नियत समय पर दर्ज शिकायत का निराकरण करना होगा। जिसकी ट्रैकिंग आवेदक घर बैठे ही मोबाइल एप के द्वारा कर सकेंगे।

## छत्तीसगढ़ कांग्रेस को लगा बड़ा झटका

**» नाराज सरपंच समेत 100 से ज्यादा कांग्रेसी भाजपा में शामिल**

**बिलासपुर, 19 मई 2023(ए)।** बिलासपुर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भेंट मुलाकात कार्यक्रम के महज सात दिन बाद कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के नाराज सरपंच समेत 100 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा जॉइन कर लिया है। बताया जा रहा है कि कार्यकर्ताओं में पार्टी को लेकर काफी असंतोष है, इसलिए वे भाजपा में शामिल हो गए।
विधायक व विधानसभा के उप नेता प्रतिपक्ष डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ने उन्हें भगवा गमछा पहना कर सदस्यता दिलाई। भाजपा जॉइन करने वाले कार्यकर्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार के कार्यों से प्रभावित होने की बात कही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिलासपुर जिले में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के लिए भाजपा विधायक वाले दो विधानसभा मस्तूरी के सीपत और बेलतरा को चुना था। 11 मई को मस्तूरी और 12 मई को उन्होंने बेलतरा में आयोजित भेंट मुलाकात कार्यक्रम में लोगों से



बातचीत की और शासकीय योजनाओं की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने विकास कार्यों की सौगात भी दी। फिर 13 मई को बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र में भेंट मुलाकात कार्यक्रम में शामिल हुए।
साढ़े चार साल में ष्टरू पहली बार पहुंचे सीपत ॅ बांधी
मस्तूरी विधायक डॉ कृष्णमूर्ति बांधी ने कहा की प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने साढ़े चार साल के कार्यकाल में पहली बार सीपत पहुंचे थे। उनके मस्तूरी विधानसभा आगमन पर क्षेत्र के लोगों को बहुत सारे अपेक्षाएं थी और विकास कार्यों की सौगात मिलने की उम्मीद थी। लेकिन, कुछ विकास कार्यों की घोषणा कर मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के लोगों को निराश कर दिया।
इस अवसर पर दिलेन्द्र कौशिल, राज्यवर्धन कौशिक, रामनाथ तिवारी, अभिलेश यादव, मन्नू सिंह, तामेश्वर सिंह कौशिक, बलराम पाटनवार, मदनलाल पाटनवार, जनपद सभापति अंजनी लक्ष्मी साहू, जनपद सभापति गोपी पटेल, उर्वीजेश कौशिक, हरिकेश गुप्ता, तुषार चंद्राकर, धन्ना कुंभकार, योगेश पटेल, सुरेश दास महंत,शिव यादव, देवेंद्र पाटनवार, कृष्णा यादव, रामनिहोर सुर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सुहागिनों ने रखा वट सावित्री का व्रत

**रायपुर, 19 मई 2023(ए)।** पति की लंबी आयु की कामना रख आज सुहागिनों ने वटसावित्री का व्रत रखा। इसके साथ ही वन वृक्ष की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर ईश्वर से अपने-अपने घर-परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की।
शनि जयंती के साथ ही आज वट सावित्री का व्रत है। आज के दिन सुहागन महिलाएं अपने-अपने घर-परिवार की सुख-समृद्धि और पति के दीर्घायु होने की कामना रखते हुए व्रत रखती हैं। घर में पुरी, आटे की बाटी, हलवा, सुहाग की सामग्रियां वटवृद्ध में मां गौरा के नाम अर्पित करती हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सती सावित्री ने इसी व्रत की शक्ति के आधार पर यमराज से अपने पति के प्राण वापस ले लिया था। तब से लेकर आज तक सनातनी महिलाएं आज के दिन व्रत रखकर अपने पति की



दीर्घायु की कामना करती हैं। दूसरी पौराणिक मान्यता है कि आज ही के दिन देवी छाया से सूर्यपुत्र शनिदेव का जन्म हुआ था। शनिदेव को न्याय का देव माना जाता है। आज के दिन शनि की ढैया, साढ़े साती से पीड़ित जातकों को हनुमान चालीसा, बजरंग बाग, सुंदरकांड का पाठ करना अत्यंत लाभकारी माना जाता है। इसके अतिरिक्त शनिदेव के नाम से काले वस्त्रों, लोहे की सामग्रियां दान करने का विधान है।

## तेंदूपत्ता फड़ में नक्सलियों ने की आगजनी




**» पर्चे फेंककर की तेंदूपत्ते के दाम बढ़ाने की मांग**

**मानपुर/कांकेर, 19 मई 2023(ए)।** बस्तर क्षेत्र के दो जिलों में नक्सलियों ने तेंदूपत्ता के फड़ों में उत्पात मचाते हुए आगजनी की। मोहला-मानपुर जिले के मदनवाड़ा-सीतागांव के बीच तेन्दूपत्ता फड़ों में नक्सलियों ने धावा बोलते हुए आगजनी की घटना को अंजाम दिया है। वहीं सीमा से सटे कांकेर जिले के पखांजूर क्षेत्र के गुंडाधुर में स्थित फड़ को भी आग के हवाले किया गया।

**स्मॉल एक्शन टीम की कारगुजारी**

बताया जा रहा है कि नक्सलियों की स्मॉल एक्शन टीम ने मदनवाड़ा-सीतागांव में लगभग 13 तेन्दूपत्ता फड़ जलाए हैं। कांकेर जिले में भी नक्सलियों ने जमकर आगजनी की घटना को अंजाम दिया है।

**आगजनी कर पर्चा फेंका**

यहां आसपास के गांव के लोगों ने तेन्दूपत्ता संग्रहित कर फड़ में जमा किए थे। नक्सलियों ने यहां पहुंचकर फड़ों में आग लगाकर पर्चा फेंका। राजनांदगांव-कांकेर बार्डर डिवीजन की ओर से फेंके नक्सल पर्चे में 600 रुपए मानक बोरा की मांग की गई है। वहीं भूपेश सरकार के खिलाफ मुर्दाबाद लिखे गए हैं। तेन्दूपत्ता रेट नहीं बढ़ाने से ठेकेदारों को मारकर भगाने की चेतावनी दी है।

**सीजन की पहली वारदात**

तेन्दूपत्ता तोड़ाई के सीजन में इस साल की यह पहली नक्सली वारदात है। नक्सलियों के इस रवैये के चलते तेन्दूपत्ता संग्राहक दहशत में हैं। कांकेर के पखांजूर इलाके में पीवी-53, पीवी-54, हानफर्सी और कुरूसबोरी फड़ को भी नक्सलियों ने आग के हवाले किया है। मानपुर-मोहला-अंबागढ़ चौकी एएसपी आकाश मरकाम ने बताया कि नक्सलियों द्वारा आगजनी की वारदात की गई है। नक्सलियों ने बौखलाहट में आकर इस तरह की घटना की है।

### बाल-बाल बचीं विधायक रंजना साहू

**गरियाबंद, 19 मई 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी से बीजेपी विधायक रंजना साहू सड़क हादसे का शिकार हो गई है। गनीमत रही कि वो सड़क हादसे में बाल-बाल बच गई। ये हादसा गरियाबंद जिले में हुआ।
मामूली चोटें आने के बाद घायल विधायक को मैनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि ये हादसा साइड देते समय गाड़ी के अनियंत्रित होने की वजह से हुआ।



जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की दोपहर धमतरी विधायक रंजना साहू अपने कार्यकर्ताओं के साथ बिंद्रानवागढ़ के पूर्व विधायक डमरुधर पुजारी के घर एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रही थीं। इस दौरान गरियाबंद जिले के मैनपुर के पास तेज रफ्तार आ रहे हाईवा से बचने के चक्कर में ये हादसा हुआ।
कार ड्राइवर ने जैसे ही वाहन को सड़क किनारे उतारने की कोशिश की। इस दौरान कार किनारे में गड्ढे में गिरकर पलट गई। कार में विधायक समेत पांच लोग बैठे हुए थे।
गनीमत रही कि इस हादसे में विधायक समेत लोगों को मामूली चोटें आई। सभी घायलों का मैनपुर अस्पताल ले जाया गया। जहां आरंभिक इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

## पीएससी चयन सूची में गड़बड़ी का आरोप लगा युवा मोर्चा ने किया विरोध

**रायपुर, 19 मई 2023(ए)।** युवा मोर्चा नेछत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के दफ्तर का घेराव किया। बीजेपी के युवाओं, समर्थकों ने पीएससी मेरिट सूची में लगभग सभी छात्र नेताओं और अधिकारियों के रिश्तेदार के होने से सशंकित हैं। बीजेपी का कहना है की ऐसे संयोग की जांच होनी चाहिए। बीजेपी नेता ओपी चौधरी ने भी ष्टत. क्क्स्ष्ट पर साढ़े 4 साल में लगे कई आरोपों का उदहारण भी दिया है। युवा मोर्चा ने भी धांधली को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया है। बीजेपी का कहना है कि लोक सेवा आयोग की परीक्षा की चयन सूची घोषित होने के बाद छत्तीसगढ़ के युवाओं में आशंका , संदेह और हताशा का माहौल है। पूरा छत्तीसगढ़ देख रहा है



कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर युवाओं के बीच किस तरह की चर्चाएं चल रही हैं। चयनित टॉप रैंकों में छात्रों में अधिकतर नेताओं एवं अधिकारियों के रिश्तेदार हैं,यह अनेक आशंकाओं को जन्म दे रहा है।
ओपी चौधरी ने कहा यह केवल एक परीक्षा की बात नहीं,पिछले साढे 4 साल में तरह-तरह के सवाल पीएससी एग्जाम को लेकर उठे हैं ।पीएससी द्वारा आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर की परीक्षा में एक युवा ने लिखित में आरोप लगाया था कि उसके पीछे वाला छात्र अब्सेंट था, लेकिन उसे इंटरव्यू के लिए बुला लिया गया था ।इस मामले में पीएसी ने स्वयं को ही स्वयं क्लीन चिट दे दिया था,जैसे चोरी का आरोपी ही पुलिस बन गया।

CMYK

# जिसका मनेंद्रगढ़ थाने को था इंतज़ार...वो घड़ी आ गई

# आज...हो गया पूरा 3 साल...बन गया नया कीर्तिमान आज !

- एक थाने में थानेदार ने किया 3 साल पूरा,3 साल पूरा करने वाले संभवत संभाग के पहले थानेदार हो सकते सचिन सिंह
- 2 आईजी बदले,4 एसपी बदले...जिला बंटा दो जिलों में,नही बदले तो सिर्फ एक थाने के थानेदार,एक ही थाने में 3 साल पूरा कर बनाया नया कीर्तिमान
- 20 मई 2020 से सरगुजा के दो आईजी बदल गए,कोरिया के 3 एसपी बदल गए पर नहीं बदला तो मनेंद्रगढ़ के थानेदार
- सरगुजा संभाग में संभवतः पहले थानेदार होंगे जिन्होंने तीन साल से एक ही थाने में पदस्थ होकर एक नया रिकॉर्ड कायम किया
- 36 महीने में 31 महीना उपनिरीक्षक बनकर व 5 महीने निरीक्षक बनकर एक ही थाने में 3 साल किया पूरा
- निरीक्षक बनने के 5 महीने बाद भी नहीं हुआ तबादला ऐसी कौन सी नस उच्च अधिकारियों की दवा कर बैठे हैं मनेंद्रगढ़ के थानेदार ?
















-रवि सिंह -

मनेंद्रगढ़ 19 मई 2023 (घटती-घटना)। सरगुजा संभाग का अविभाजित कोरिया जिला जिसका एक बड़ा थाना मनेंद्रगढ़ कभी हुआ करता था जो आज जिले के दो भागों में बंटने के बाद नवीन जिले में शामिल हो गया है जब यह थाना कोरिया में आया करता था उस समय 20 मई 2020 कोरिया के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन सिंह द्वारा सचिन सिंह उप निरीक्षक को मनेंद्रगढ़ थाना का प्रभारी बनाया गया था,जिसके बाद से सरगुजा संभाग के दो आईजी बदल गए तीसरे आईजी का कार्यकाल चल रहा है वही कोरिया जिले के 3 पुलिस अधीक्षक बदल गए और नवीन जिले में एक नए पुलिस अधीक्षक मिल गए, नवीन जिले को अस्तित्व में आए तकरीबन 6 महीने होने को है थाना वही है सिर्फ जिला नवीन हो गया पर उस थाना के थाना प्रभारी अभी तक नहीं बदले गए, 20 मई 2023 को मनेंद्रगढ़ के थाना प्रभारी का 3 साल पूरा हो जाएगा, इस तरह मनेंद्रगढ़ के थाना प्रभारी की उपलब्धि को देखा जाए तो एक थाना में रहते हुए उप निरीक्षक से निरीक्षक बन गए पुराना जिले से नया जिला बन गया पर थाना प्रभारी का थाने का प्रभार नहीं बदला जो कोरिया जिले के मनेंद्रगढ़ थाना के लिए भी एक ऐतिहासिक व यादगार मामला हो गया है,मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी का नाम एक थाना में 3 साल पूरा करने वाले संभाग के पहले थाना प्रभारी के रूप में शुमार हो चुका है।

## जिस वाहन का फिटनेश 6 दिसम्बर तक ऑनलाइन दिख रहा था फेल,7 दिसम्बर को कैसे हुआ एक्टिव?



### थाना प्रभारी की पकड़ है ऊंची,अधिकारी भी थाना प्रभारी के सामने हैं नतमस्तक

मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी की पकड़ इतनी ऊंची है की उनके सामने अधिकारी भी नतमस्तक हैं और इसीलिए वह तीन सालों से एक ही पुलिस थाने में प्रभारी बनकर काम कर रहें हैं। थाना प्रभारी का तीसरा साल एक ही थाने में वह भी जिला मुख्यालय के थाने में कार्यकाल को देखकर यह बात सही भी लगती है। सूत्रों की माने तो थाना प्रभारी की पहुंच प्रदेश के सबसे बड़े नेता के घर तक है और यही वजह है की जिले के आला अधिकारी उन्हे अन्यत्र भेजने से परहेज रखते हैं या यह कहें एक तरह से डरते हैं।

### गंभीर आरोपों के बाद भी उच्च अधिकारी थाना प्रभारी को अन्यत्र भेज पाने में होते रहे असफल

मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी पर उनके मनेंद्रगढ़ पुलिस थाने का प्रभारी रहते हुए कई बार गंभीर आरोप लगे और इसके बाद भी उन्हे मनेंद्रगढ़ पुलिस थाने से हटा पाने में जिले के उच्च अधिकारी असफल रहे।

इसके पीछे की वजह उनकी ऊपर तक की पकड़ को माना जा रहा है और अधिकारियों पर उनका दबदबा इतना है की वह बिना वर्दी भी कई बार कई महत्वपूर्ण अवसरों पर नजर आए लेकिन उन पर कार्यवाही की हिम्मत किसी अधिकारी ने नहीं दिखाई।

### इकलौते थाना प्रभारी जिन्हें मिला हुआ है अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों का संरक्षण

मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी इकलौते थाना प्रभारी हैं जिन्हे अधिकारियों का भी संरक्षण मिला हुआ है और जनप्रतिनिधियों का भी। मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी को इसके अलावा छूटभईये नेताओं का भी इन्हे साथ मिला हुआ है। छुटभईये नेता तो थाना प्रभारी के लिए वाद विवाद के लिए भी तैयार रहते हैं और थाना प्रभारी के कसीदे पढ़ने से भी वह पीछे नहीं हटते। कुलमिलाकर थाना प्रभारी सभी को अपनी तरफ करने में माहिर हैं ।

### आरोप नंबर 1 बिना फिटनेश वाले वाहन ने दिव्यांग आरोपी को पकड़ने कई पुलिस कर्मी हुए थे रवाना,वाहन का फिटनेश था फेल,दुर्घटना के बाद हुआ एक्टिव

पुलिस द्वारा मध्यप्रदेश आरोपी को पकड़ने जाने मामले में वाहन का दुर्घटनाग्रस्त होना और मौके पर चालक की मौत वही पुलिसकर्मियों का घायल होना हर दिन इसमें अलग-अलग बातें सामने आती जा रही हैं विगत दिनों दुर्घटनाग्रस्त वाहन के फिटनेस समाप्त होने को लेकर गवर्नमेंट के वेबसाइट एम परिवहन में फिटनेस फेल दिख रहा था, यह फिटनेस 6 दिसंबर तक फेल दिख रहा था जैसे ही सोशल मीडिया व अखबारों में यह खबर बनी 7 दिसंबर से फिटनेस ऑनलाइन अपडेट हो गया, जिसे लेकर तरह-तरह के सवाल अब उठ खड़े हो गए हैं कि आखिर यह फिटनेस ऑनलाइन क्यों अपडेट नहीं दिख रहा था और मामला मीडिया व सुर्खियों में आने के बाद ही अपडेट क्यों हुआ? क्या फिटनेस को बैक डेट से बनाया गया? ताकि पुलिस की फजीहत कम हो सके ऐसे तमाम तरह के सवाल इस समय लोगों के जहन में घूम रहे हैं। अब इस वाहन की फिटनेस के ऑनलाइन होने के बाद इस वाहन की फिटनेस की जांच को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं और यह कहा जा रहा है कि इस फिटनेस को लेकर कहीं ना कहीं संदेह व्याप्त है जिसे लेकर जांच की मांग भी होने लगी पर जाँच में क्या आया आज तक वह मामला पहेली बनी हुई है। मनेंद्रगढ़ पुलिस टीम का वाहन मध्यप्रदेश के भेड़ाघाट के समीप दुर्घटनाग्रस्त हुआ था उस मामले में जिस आरोपी को पकड़ने मनेंद्रगढ़ पुलिस थाने की पूरी टीम मतलब अधिकांश पुलिसकर्मी मध्यप्रदेश गए हुए थे वह दिव्यांग है और उसको पकड़ने पूरा पुलिस थाना खाली करके जाना वह भी तब जब पुलिस महानिरीक्षक का मनेंद्रगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र में ही पहला दौरा हो सवाल खड़ा करने वाला मामला लगता था उस समय भी जाँच की बात आई पर वह भी मामला पुलिस के होने की वजह से ठंडे बस्ते में गया।

### आरोप नंबर 2 उपलब्धि को अपने सर लेने के लिए स्थल बदला कर मनेन्द्रगढ़ पुलिस के सर सफलता का सेहरा बांध ने का आरोप

अविभजित कोरिया जिले से ही मनेन्द्रगढ़ पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठते रहे है और नवीन जिला एमसीबी बने के बाद भी मनेन्द्रगढ़ पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ थे थे साथ ही आरोप लगा था, आरोप था की 10 नवम्बर 2022 पुलिस को मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के शरहद घुटराटोली पर अवैध शराब पकड़ने में सफलता मिली, जो झगराखाण्ड थाने के अंतर्गत आता है, यहां सफलता अबकारी विभाग के कुछ कर्मचारियों के सहयोग से मिली पर इसका श्रेय पुलिस अकेले ले रही, जहां पर इसकी सूचना झगड़ाखंड प्रभारी को दी गई पर मनेंद्रगढ़ थाने से कुछ पुलिसकर्मी वहा पहुच उस गाड़ी का चाभी छीन और उपलब्धि को अपने सर लेने के लिए स्थल बदला कर मनेन्द्रगढ़ पुलिस के सर सफलता का सेहरा बांध दिया और अधिकारी भी मुख्य दर्शक बने रहे। पुलिस ने विज्ञप्ति कहा की सायबर सेल / थाना मनेन्द्रगढ़ एवं चौकी खोंगापानी की सयुंक्त कार्यवाही है अवैध शराब एवं नशीली पदार्थों के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश किया जा रहा था। उसी तारतम्य में 10 नवम्बर 2022 को सायबर सेल को मुखबिर से सूचना मिला कि अम्बिकापुर का एक व्यक्ति बरतराई मध्यप्रदेश तरफ से अपने सफेद रंग का स्वीफ्ट डिजायर कार वाहन के सीजी 4 केजे 9700 में अंग्रेजी शराब विक्रय करने हेतु अम्बिकापुर की ओर लेकर जा रहा है। सूचना पर संदेही वाहन को पकड़ाने सिटी कोतवाली मनेन्द्रगढ़ एवं थाना झगराखाण्ड से अलग अलग टीम बनाकर चनवारीडाड फारेस्ट बेरियर के पास मेन रोड मनेन्द्रगढ़ में घेराबंदी करने लगे उसी समय रामनगर, खोंगापानी की ओर से मनेन्द्रगढ़ की ओर आने वाला मेन रोड में सफेद रंग का स्वीफ्ट डिजायर कार वाहन के सीजी 04 केजे 9700 आते दिखा जो पुलिस को देखकर अपने कार को लेकर भागने लगा जिसे दौड़ाकर पकड़ा गया।

### आरोप नंबर 3 बिना महिला पुलिसकर्मी के एक महिला के घर रात में शराब पकड़ने का छापा डालना

थाना प्रभारी पर दूसरा बड़ा आरोप है एक महिला के घर रात में शराब पकड़ने के लिए छापा डालने का जिसमे महिला पुलिसकर्मी शामिल नहीं थीं। अंधेरे में महिला के घर में पुरुष पुलिसकर्मियों ने छापा डाला और यह कानूनन गलत है जबकि महिला पुलिसकर्मी का होना आवश्यक था।

### आरोप नंबर 4 कांग्रेस नेताओं ने नेशनल हाइवे पर थाना प्रभारी के सामने की थी गाली गलौज,नहीं हुई कार्यवाही

इन्ही के सामने नेशनल हाइवे पर कांग्रेस नेताओं ने जमकर गाली गलौज की थी जिस दौरान यह खुद मौजूद थे लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

# क्या शिक्षक पदोन्नति का पूरा मामला निष्पक्ष नहीं,

# संयुक्त संचालक सरगुजा की भूमिका पर उठ रहे सवाल ?

- सूरजपुर के एक शिक्षक संघ प्रमुख से खास रिश्ते हैं संयुक्त संचालक सरगुजा के:सूत्र
- करोड़ों का लेनदेन पहनेगा अब अमली जामा, दो शिक्षकों को निलंबित कर खेला जाएगा भ्रष्टाचार का खेल
- विवाद की स्थिति में सूरजपुर के शिक्षक संघ प्रमुख ने शिक्षक साथ देने के बजाय संयुक्त संचालक का दिया साथ
- कोरिया जिले के शिक्षकों ने पदोन्नति पदस्थापना मामले में लेनदेन का संयुक्त संचालक पर लगाया था आरोप,आरोप अब सच हो सकते हैं साबित
- जिन पदों पर कोरिया के शिक्षकों ने लेनदेन का लगाया आरोप उन पदों पर सूरजपुर और कोरिया जिले के शिक्षकों का परस्पर जारी हुआ आदेश
- क्या अब आदेशों के संशोधन की है तैयारी,वसूली की राशि हांथ से न जाए यह है तैयारी ?
- अंतिम दौर में विवाद होने पर सूरजपुर के कुछ शिक्षकों को कोरिया जिले में और कोरिया जिले के शिक्षकों को सूरजपुर में किया गया था पदस्थ
- सूरजपुर जिले के एक संघ प्रमुख ने इसके लिए तैयार किया सूरजपुर जिले के शिक्षकों को
- अब असली खेल होगा शुरू आपसी सहमति के आधार पर होगा संशोधन,सूरजपुर के शिक्षक सुरजपुर और कोरिया के शिक्षक पदस्थ होंगे कोरिया में

- रवि सिंह -

बैकुण्ठपुर/अम्बिकापुर,19 मई 2023 (घटती-घटना)। शिक्षक पदोन्नति मामले में संयुक्त संचालक शिक्षा सरगुजा और एक शिक्षक संघ प्रमुख जो सूरजपुर जिले से आते हैं और जिनका काम ही शिक्षकों के मामले में लेनदेन करने का है की जुगलबंदी अब सामने आने वाली है और यह शिक्षक पदोन्नति पदस्थापना मामले में संशोधन के साथ उजगार होने जा रहा है जिसकी तैयारी पूरी हो चुकी है यह विशेष सूत्रों का दावा है।

बता दें की शिक्षक पद से प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला पद साथ ही सहायक शिक्षक से शिक्षक पद पर पदोन्नति साथ ही पदस्थापना सरगुजा संभाग में विगत माह किया गया है,इसके लिए बकायदा शासन का निर्देश था की काउंसलिंग की प्रकिया अपनाई जाए और सभी को मन मुताबिक विद्यालय मिल सके यह प्रयास किया जाए लेकिन शासन के द्वारा शिक्षकों को दिए गए काउंसलिंग प्रक्रिया में सेंध लगाकर अपनी जेब भरने का रास्ता कुछ लोगों ने ढूंढ निकाला और आर्थिक लाभ की चाहत में उन्होंने पारदर्शी पदस्थापना काउंसलिंग प्रकिया को दोषपूर्ण बना डाला,पूरे मामले में कोरिया जिले के शिक्षकों को इसकी भनक तब लगी जब काउंसलिंग से नदारत शिक्षकों को वह विद्यालय मिल सके जो उनके ऊपर के क्रम के वरिष्ठ शिक्षकों को नहीं मिल सके जबकि वह काउंसलिंग में भी शामिल हुए और वरिष्ठ भी थे।





### कोरिया के शिक्षकों की शिकायत पर संयुक्त संचालक जहाँ जाँच करनी थी वहा उन्हें कर दिया निलंबित

जब इसकी शिकायत कोरिया जिले के शिक्षकों ने संयुक्त संचालक से की तो उन्होंने शिकायत की जांच करने की बजाए दो शिक्षकों को ही निलंबित कर दिया और जो दोषपूर्ण उन्होंने पदस्थापना की थी उसमे खुद को बचाने उन्होंने सूरजपुर के एक शिक्षक संघ प्रमुख का साथ लिया और दोषपूर्ण पदस्थापना मामले में सूरजपुर जिले के कुछ शिक्षकों को कोरिया जिले के उन विद्यालयों में पदस्थ किया जिनको लेकर विवाद था और कोरिया जिले के विवाद वाले शिक्षकों को सूरजपुर जिले के उन विद्यालयों में पदस्थ किया जहां कोरिया जिले के विवाद में आए शिक्षकों जो की काउंसलिंग में भी अनुपस्थित थे उनकी पदस्थापना की गई थी,बताया जा रहा है की 12 मई अंतिम तिथि तक कार्यभार ग्रहण करना निर्धारित था और इसमें केवल उन्हीं को छूट मिली हुई है जिन्होंने पैसा देकर पदस्थापना खरीदी हुई है।

### आपसी सामंजस्य के आधार पर होगा भ्रष्टाचार का खेल

विशेष सूत्रों की बता माने तो कोरिया जिले के शिक्षकों ने कुछ पदों पर पदस्थापना को लेकर संयुक्त संचालक से शिकायत की थी और उनका आरोप था की जो लोग कनिष्ठ थे और जो काउंसलिंग में भी अनुपस्थित थे उन्हे बैकुंठपुर में ही पदस्थापना मिलने जा रही है जो इसलिए गलत है क्योंकि उन्हें जो वरिष्ठ थे काउंसलिंग के दौरान वे पद नहीं दिखाए गए जबकि उन्हे पद दिखाया जाना था। शिकायत से संयुक्त संचालक इतने नाराज हो गए की उन्होंने दो शिक्षकों को जो शिकायत करने पहुंचे थे उन्हे निलंबित कर दिया और फिर जिन पदों को लेकर शिकायत थी उन पदों पर परस्पर कोरिया जिले के शिक्षकों की बजाए सूरजपुर जिले के शिक्षकों को पदस्थ कर दिया गया और कोरिया जिले के विवाद में आए नाम वाले शिक्षकों को सूरजपुर जिले में उन विद्यालयों में पदस्थापना आदेश जारी कर दिया गया जो विद्यालय उनके लिए नजदीक थे जिनकी पदस्थापना कोरिया जिले के विवाद में आए विद्यालयों में की गई है। अब बताया जा रहा है की आपसी संशोधन का खेल जो भ्रष्टाचार का खेल है शुरू होने जा रहा है और परस्पर सूरजपुर जिले के शिक्षक को सूरजपुर और कोरिया जिले के शिक्षकों को कोरिया जिले में पदस्थ आपसी सहमति के आधार पर करने की तैयारी है। मामले में ध्यान देने वाली बात यह है की सभी कुछ पैसे के लेनदेन से जुड़ा हुआ है यह बताया जा रहा है।

### सूरजपुर जिले के एक शिक्षक संघ प्रमुख की भूमिका मामले में संदिग्ध

पूरे लेनदेन मामले में सूरजपुर जिले के एक संघ प्रमुख की भूमिका संदिग्ध है और सूत्र के द्वारा बताया जा रहा है की सूरजपुर जिले के शिक्षकों जिन्हे कोरिया जिले के लिए पदस्थापना आदेश जारी हुआ है को उसी संघ प्रमुख ने तैयार किया है और आश्वासन दिया है की उनका आपसी सहमति के आधार पर संशोधन हो ही जायेगा और उन्हे उनके घर के पास के विद्यालय में पदस्थ करा दिया जाएगा। सूरजपुर के संघ प्रमुख ने पूरे भ्रष्टाचार को बल प्रदान करने साथ ही उसको छुपाने संयुक्त संचालक की बड़ाई वाला प्रेस विज्ञप्ति भी जारी किया था जो साबित करने के लिए काफी है की पूरे मामले में उनकी भूमिका क्या है।

शिक्षकों का साथ देने की बजाए शिक्षक संघ शिक्षकों से वसूली साथ ही उनपर कार्यवाही मामले में संलिप्त दिखे-पूरे मामले में शिक्षक संघों की भूमिका जो सामने आई उसे देखकर यही समझा जा सकता है की शिक्षक संघ केवल शिक्षकों के शोषण के लिए बने हुए हैं और शिक्षकों से वसूली और अधिकारियो की चापलूसी ही उनका मुख्य पेशा है। शिक्षक संघ पदोन्नति मामले में शिकायत करने जो की जायज शिकायत थी मामले में एक तो मौन रहे वहीं जब दो शिक्षकों को बेवजह निलंबित किया गया तब संघ प्रमुख संयुक्त संचालक के लिए कसीदे पढ़ते नजर आए। शिक्षक संघ की भूमिका शिक्षक हित वाली बिल्कुल नजर नहीं आई और यह साबित हुआ की शिक्षक संघ के प्रमुख अधिकारियों की ही चापलूसी में मस्त हैं।

### सोशल मीडिया में बधाई संदेश से खुला था भ्रष्टाचार का खेल

शिक्षक पदोन्नति मामले में पदस्थापना में किस तरह भ्रष्टाचार हो रहा था इसका खुलासा तब हुआ जब जो शिक्षक कनिष्ठ होकर भी काउंसलिंग में शामिल नहीं हुए थे उन्होंने सोशल मीडिया में यह घोषणा कर दी की उन्हे मनचाही पदस्थापना मिल गई है। इसकी जानकारी जब वरिष्ठ शिक्षकों को हुई उन्होंने इसकी शिकायत संयुक्त संचालक से की और संयुक्त संचालक अपनी पोल खुलती देख नाराज हुए और दो शिक्षकों को उन्होंने निलंबित कर खुद को पाक साफ बताने का पूरा प्रयास किया।

### सूरजपुर जिले के शिक्षकों की कोरिया जिले में पदस्थापना मामले में ही छिपा है भ्रष्टाचार का राज

सूरजपुर जिले के जिन शिक्षकों को कोरिया जिले में पदस्थापना दी गई है उसी मामले में भ्रष्टाचार का राज छिपा हुआ है। सूरजपुर के कोरिया जिले में पदस्थ किए गए शिक्षकों की काउंसलिंग और कोरिया जिले के शिक्षकों की काउंसलिंग तिथि साथ ही समय का यदि आंकलन किया जायेगा पूरा राज खुल जायेगा की कैसे भ्रष्टाचार को अंतिम समय तक पूरा करने खेल रचा गया।।। सूत्रों के अनुसार जिन्हे भी मनचाही पदस्थापना दी जानी है उनका आपसी सहमति वाला आवेदन ले लिया गया है और अब भ्रष्टाचार का अंतिम खेल खेला जाने वाला है।

## स्व. चंद्रशेखर स्मृति वॉलीबॉल प्रतियोगिता पर अंबिकापुर का कब्जा,सिंगरौली रही उप विजेता

- उत्साह उमंग के साथ संपन्न हुआ स्व. चंद्रशेखर स्मृति वॉलीबॉल प्रतियोगिता
- टीम अंबिकापुर हुई विजय सिंगरौली हुई उपविजय साथ ही गोंदा ने जीता तृतीय पुरुस्कार
- डॉ राकेश शर्मा फैंस क्लब ने किया शानदार आयोजन

- संवाददाता -

बैकुण्ठपुर,19 मई 2023 (घटती-घटना)। तीन दिवसीय चलने वाले स्व.चंद्रशेखर शर्मा स्मृति ओपन वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य समापन दिनांक 18 मई 2023 को संपन्न हुआ जिसमें छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश कि कई प्रतिभावान टीमों ने अपने खेल का प्रदर्शन किया वही फाइनल मैच अंबिकापुर और सिंगरौली के मध्य खेला गया जहां अंबिकापुर विजयी हुई और सिंगरौली उपविजेता हुई साथ ही तीसरा पुरुस्कार गोडा की टीम को प्राप्त हुआ।



प्रथम पुरस्कार 15555 रूपए का नगद और चमचमाती की ट्रॉफी अंबिकापुर को मिला वहीं दूसरी पुरस्कार 9999 रूपए नगद और चमचमाती ट्रॉफी सिंगरौली मध्यप्रदेश को प्राप्त हुआ, साथ ही तीसरा पुरस्कार 5555 रूपए नगद और चमचमाती ट्रॉफी गोडा की टीम को प्राप्त हुई साथ ही समस्त खिलाड़ियों को उपहार स्वरूप गिफ्ट हैंपर भी प्रदान किए गए साथ ही मैन ऑफ द मैच मैन ऑफ द सीरीज मैन जैसे कई उपहार खिलाड़ियों को प्रदान किया गया, डॉ राकेश शर्मा फैंस क्लब के द्वारा तीन दिवसीय आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ कार्यक्रम में अतिथियों ने अपने विचार खिलाड़ियों और नगर वासियों के साथ साझा किए, वहीं डॉ राकेश शर्मा ने कहा कि शहर में सदैव इस तरह के खेल प्रतियोगिता आयोजन होते रहेंगे खेल आयोजन होते रहने से खिलाड़ियों में खेल की भावना है और जागृति होती है, अंत में डॉ राकेश शर्मा फैंस क्लब के द्वारा समस्त अतिथियों को जनप्रतिनिधियों को मीडिया के साथियों को साथ ही आयोजन मंडली को स्मृति चिन्ह किया गया, खिलाड़ियों का अतिथियों के परिचय के दौरान खिलाड़ियों ने अतिथियों पर पुष्प वर्षा की, उसके बाद फाइनल मैच की टॉस की प्रक्रिया पूर्ण हुई उसके बाद राष्ट्रगान एव खिलाड़ी और अतिथियों का समूह चित्र के बाद फाइनल का मैच प्रारंभ हुआ।

# जंगलों में पेड़ों की बड़े पैमाने पर कटाई की वजह से जंगली जानवर पहुँच रहे रिहाईशी क्षेत्र में



- संवाददाता -
सूरजपुर, 19 मई 2023 (घटती-घटना)।

जंगलो में पेड़ो की बड़े पैमाने पर कटाई की वजह से जंगली जानवर रिहाईसी क्षेत्रो में पहुंचने लगे है। जंगली जानवरों के हमलों की वजह से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना रहता है। शुक्रवार को सुबह रामानुजनगर क्षेत्र के तेलाई मुड़ा गांव में घुसा एक भालू कुएं में जा गिरा। जिसे वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत कर कुएं से सुरक्षित बाहर निकाला। कुएं से निकलते ही भालू तेजपुर गांव में तालाब के पास झाड़ियो में छिप गया था। जिसे जंगल तरफ खदेड़ दिया गया।

रामानुजनगर विकासखंड के राजस्व ग्राम तेलाई मुड़ा में जंगल से भटका एक जंगली भालू शुक्रवार को सुबह करीब 6 बजे घुस आया। ग्रामीणों में भालू को देखकर भगदड़ मच गई। ग्रामीण शोर मचाकर भालू को गांव से बाहर भगाने की कोशिश करने लगे। ग्रामीणों के शोर से भागने के दौरान भालू एक कुएं में गिर गया। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने तत्काल वन महकमे को दी। सूचना मिलते ही संजय यादव वन मण्डलाधिकारी संजय यादव समेत रामानुजनगर वन परिक्षेत्राधिकारी राजाचन्द्र प्रजापति वन अमले के साथ मौके पर पहुंच गए।

### रेस्क्यू कर भालू को सुरक्षित निकाला

वन मण्डलाधिकारी संजय यादव की मौजूदगी में वन अमले ने ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत से कुएं में गिरे वन्य प्राणी को रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला। कुएं से बाहर निकलते ही भालू भाग कर तेजपुर गांव के बिंझिया पारा स्थित तालाब के समीप झाड़ियो के बीच मे छिप गया था। स्थिति की नजाकत को देखते हुए वन विभाग ने आसपास गांव में मुनादी कर ग्रामीणों को अलर्ट कर दिया। उसके बाद काफी मशक्कत कर झाड़ियो में छिपे भालू को जंगल तरफ खदेड़ दिया गया।





कुएं में गिरे भालू को रेस्क्यू कर सुरक्षित कुएं से बाहर निकाल कर जंगल तरफ खदेड़ दिया गया है। जंगल से भटकने के कारण भालू के गांव में पहुचने की संभावना है। भालू स्वस्थ्य है। ग्रामीणो को अलर्ट भी कर दिया गया है।

संजय यादव
वन मण्डलाधिकारी सूरजपुर



## भाजपा पार्षद के क्षेत्र में जबरन दखल पर विपक्षी पार्षदों ने मनमानी पर जताया विरोध

- संवाददाता -
कोरबा, 19 मई 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा के वार्ड क्रमांक 5 में बनाए गए लाखों के सियान सदन में दूसरे वार्ड के पार्षद को महत्व देने को लेकर भाजपा पार्षद दल ने जताया विरोध । पार्षदों ने व्यवस्था को अनुचित बताते हुए अपर आयुक्त से मिलकर विरोध जताया साथ ही चेतावनी दी कि अगर व्यवस्था को ठीक नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में भाजपा पार्षद अपने वार्ड में अपने हिसाब से काम करेंगे, साथ ही सियान सदन के तीन रंग पर भी आपत्ति जताई है 7 नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने सियान सदन में स्थानीय पार्षद की उपेक्षा और कांग्रेसी रंग में रंगने के प्रयास को गैर जरूरी और अवैधानिक बताया। अपर आयुक्त खजांची कुम्हार से मिलकर भाजपा पार्षदों ने साफ तौर पर कहा कि चाहे जिस मजबूरी में यह सब किया गया हो, इसे तत्काल ठीक किया जाए। वार्ड पार्षद धनश्री साहू ने बताया कि नगर पालिक निगम के द्वारा अधोसंरचना मद से धनवारपारा वार्ड संख्या 05 में सियान सदन बनाया है। इस काम पर लाखों रुपए खर्च किए गए। इसके विपरीत भवन में इस वार्ड के पार्षद भाजपा की धनश्री साहू के बजाय वार्ड 06 के कांग्रेस पार्षद का नाम अंकित कर दिया गया है यह आपत्तिजनक है जिस पर अपर आयुक्त द्वारा तत्काल मामले को संज्ञान लेते हुए सियान सदन में कराए गए तीन रंगों को बदला गया साथ ही दरसाए हुए नामों को भी हटाया गया। इस दौरान पार्षद ऋतु चौरसिया, सुफल दास महंत, नरेंद्र देवांगन, नारायण दास महंत, निखिल शर्मा, कमला बरेठ सहित भाजपा पार्षद उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने युवाओं के साथ किया छल:हितेश प्रताप सिंह



» पीएससी रिजल्ट में कथित गड़बड़ी में जांच की मांग

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर, 19 मई 2023 (घटती-घटना)।

पीएससी रिजल्ट में कथित गड़बड़ी को लेकर भाजयुमो जिलाध्यक्ष हितेश प्रताप सिंह ने कहा कि इस रिजल्ट के बाद छत्तीसगढ़ के युवा खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं, ये बेहद शर्मनाक और चिंताजनक है।

दरअसल 2021 पीएससी का रिजल्ट इसी महीने 11 मई को जारी किया गया है. बीजेपी ने दावा किया है कि इसमें अधिकतर प्रशासनिक अधिकारियों, राजनेताओं और कारोबारियों के बच्चों को सलेक्शन हुआ है. रिजल्ट को लेकर बीजेपी नेताओं ने ये भी दावा किया है कि सीजी पीएससी के अध्यक्ष के द्वारा रिजल्ट में गड़बड़ी कर अपने रिश्तेदारों का चयन किया गया है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने युवाओं के साथ किया छल- इस मामले में भाजयुमो कोरिया के जिला अध्यक्ष हितेश प्रताप सिंह ने बयान दिया है, उन्होंने कहा है कि पीएससी की घोषित चयन सूची को लेकर प्रदेश के युवा खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं, पीएससी की चयन सूची को देखकर यह साफ हो गया है कि यह छत्तीसगढ़ की युवा प्रतिभाओं के साथ सीधे तौर पर धोखाधड़ी है, छल है, अन्याय है. प्रदेश सरकार ने छत्तीसगढ़ की युवा शक्ति के साथ जो छल किया है, वह बेहद शर्मनाक और चिंताजनक है.इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

## राज्य स्तरीय टूर्नामेंट के लिए जिला मुख्यालय में होगा भव्य स्टेडियम का निर्माण:गुलाब

» प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच भगत सिंह वार्ड क्र. 17 व श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 20 के मध्य खेला गया

» उद्घाटन मैच में वार्ड क्र. 17 ने वार्ड क्र. 20 को 8 विकेट से हराया

» मनेन्द्रगढ़ कप क्रिकेट प्रतियोगिता का रंगारंग हुआ आगाज

- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ, 19 मई 2023 (घटती-घटना)।

खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने प्रदेश की संवदेनशील भूपेश सरकार निरंतर कार्य कर रही है। जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ में राज्य स्तरीय टूर्नामेंट हो इसके लिए प्रकाश सहित सभी मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित भव्य स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा। पिछ्ले वर्ष हमने कहा था कि अगला टूर्नामेंट जिला मुख्यालय में होगा। हमने और हमारी सरकार ने जनता से किए वायदों को पूरी तरह निभाया है। उक्त बातें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त विधायक गुलाब कमरो ने प्रेसिडेंट क्लब द्वारा आयोजित मनेंद्रगढ़ कप क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर कही। बता दें कि वर्ष 2011 से जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ में मनेंद्रगढ़ कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष 18 मई को हंसिया नदी के तट पर स्थित मिनी स्टेडियम में प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ।





कार्यक्रम की अध्यक्षता नपाध्यक्ष प्रभा पटेल एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल, पूर्व नपाध्यक्ष राजकुमार केशरवानी, धर्मेंद्र पटवा, लखनलाल श्रीवास्तव, जिला पंचायत सभापति उषा रियाम, जनपद अध्यक्ष डॉ. विनय शंकर सिंह, एनएसयआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय, बबीता सिंह, नई लेदरी अध्यक्ष सरोज यादव, पवन फरमानिया, पार्षद नागेंद्र जायसवाल, दयाशंकर यादव, सुनैना विश्वकर्मा, प्रदीप सलूजा, ओमप्रकाश गुप्ता, अमित पोद्दार, संजय सिंह, मुकेश जायसवाल, ज्योति मजुमदार, राखी सिंह, मो इमरान, संतोष मांझी, तपन मुखर्जी, राजेश शर्मा, राजेश सिंह, संजय सिंह सेंगर एवं राजकुमार पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नगर के गणमान्य नागरिक रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर स्पर्धा में खेलभावना का परिचय देने को कहा। पूर्व विधायक श्यामबिहारी जायसवाल ने गेंदबाजी की वहीं विधायक कमरो ने बॉल को करारा शॉट लगाकर प्रतियोगिता के शुभारंभ की औपचारिकता पूरी की।

### हाई मास्ट लाईट में होगा अगला टूर्नामेंट

प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर प्रेसिडेंट क्लब के अध्यक्ष अधिवक्ता आशीष सिंह ने मिनी स्टेडियम में प्रकाश की समुचित व्यवस्था के लिए विधायक गुलाब कमरो व नपाध्यक्ष प्रभा पटेल को ज्ञापन सौंपा, जिस पर विधायक व नपाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से कहा कि 1 माह के भीतर स्टेडियम में हाई मास्ट लाईट का काम आरंभ हो जाएगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि अगला टूर्नामेंट हाई मास्ट लाइट में खेला जाएगा। खिलाड़ियों को प्रकाश की कोई समस्या नहीं होगी।

### वार्ड क्र. 17 ने जीता पहला मैच

प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच भगत सिंह वार्ड क्र. 17 व श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 20 के मध्य खेला गया जिसमें वार्ड क्र. 17 की टीम ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। वार्ड क्र. 17 के कैप्टन का निर्णय सही साबित हुआ जब वार्ड क्र 20 के ओपनर गोपी बिना खाता खोले आउट हो गए। वार्ड क्र. 17 की कसी गेंदबाजी के आगे वार्ड क्र. 20 की पूरी टीम महज 55 रन बना कर ऑल आउट हो गई। वार्ड क्र 17 के सफल गेंदबाज सतीश ने 3 तथा संजय व सागर ने 2-2 विकेट लिए। महज 56 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वार्ड क्र. 17 के संजय ने 14 बॉल में 1 चौका व 5 छक्के की मदद से नाबाद 38 रन व निखिल ने 7 बॉल में 1 चौका 1 छक्के की मदद से 13 रन बना कर टीम को जीत दिलाई। वार्ड क्र 17 ने 2 विकेट खो कर 6 ओवरों में लक्ष्य हासिल किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कर संजय को दिया गया। स्कोरिंग शुभभ सिंह तथा कमेंट्री रमणीक सिंह, प्रकाश त्रिपाठी व याकूब ने की। मैच के अंपायर इरफान व भूपेन्द्र भंडारकर रहे।

### आज के मैच

प्रतियोगिता के तीसरे दिन 20 मई को 2 मैच खेले जाएंगे पहला मैच विवेकानंद वार्ड क्र. 13 व इंदिरा 19 तथा दूसरा मैच मालवीय वार्ड क्र. 6 व रानी दुर्गावती वार्ड क्र. 16 के मध्य खेला जाएगा।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जागरूकता रैली के माध्यम से डेंगू के दुष्प्रभावों से कराया गया अवगत

- संवाददाता -
कोरबा, 19 मई 2023 (घटती-घटना)।

डेंगू बुखार एक संक्रमण हैं जो डेंगू वायरस के कारण होता हैं। डेंगू का इलाज समय पर करना बहुत जरूरी होता हैं, एडिस मच्छर डेंगू वायरस को संचरित करते (या फैलाते ) हैं। डेंगू बुखार को ''हड्डितोड़ बुखार'' के नाम से भी जाना जाता हैं। क्योंकि इससे पीड़ित लोगों को इतना अधिक दर्द हो सकता हैं कि जैसी उनकी हड्डियां टूट गई हो। डेंगू बुखार के कुछ लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, त्वचा पर चेचक जैसे लाल चकत्ते तथा मांसपेशियों एवं और जोड़ों में दर्द शामिल हैं।





डेंगू से बचाव :- डेंगू फैलाने वाले ''एडीज'' मच्छर ठहरे हुए साफ पानी में पनपता है। जैसे कि कूलर, पानी की टंकी, पक्षियों के पीने के पानी का बर्तन, फ्रीज की ट्रे, फूलदान, नारियल का खोल, टूटे हुए बर्तन व टायर इत्यादि, पानी से भरे हुए बर्तनों व टंकियों आदि को ढंककर रखें। कूलर को खाली करके सुखा दें, यदि कूलरों तथा पानी की टंकियों को पूरी तरह खाली कर पाना संभव नहीं है तो उनमें सप्ताह में एक बार पेट्रोल या मिट्टी का तेल डाल दें, मच्छरों को भगाने व मारने के लिए मच्छर नाशक क्रीम, स्प्रे, मैट्स, कॉइल्स आदि प्रयोग करें। यह मच्छर दिन के समय में काटता है। ऐसे कपड़े पहनें जो बदन को पूरी तरह ढंके, डेंगू के उपचार के लिए कोई खास दवा या वैक्सीन नहीं है। बुखार उतारने के लिये पैरासीटामॉल ले सकते हैं। एस्प्रीन का इस्तेमाल ना करें। डाक्टर की सलाह लें, डेंगू के हर रोगी को प्लेटलेट्स की आवश्यकता नहीं पड़ती किन्तु डेंगू हेमोरेजिक बुखार में प्लेटलेट्स निरंतर घटता है जो कि अत्यंत खतरनाक एवं जानलेवा होता है, डेंगू बुखार से ग्रस्त रोगी को बीमारी के शुरू के 6-7 दिन तक मच्छरदानी से ढकें हुए बिस्तर पर ही रखें ताकि मच्छर उस तक ना पहुँच पायें। इस उपाय से समाज के अन्य व्यक्तियों को डेंगू बुखार से बचाने में सहायता मिलेगी, घर के आस-पास कम से कम 100 मीटर की दूरी तक कुड़ा-करकट, घास-फूस तथा गंदगी न फैलने दें। इसी उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय एवं सभी विकासखण्ड़ों में 16 मई 2023 को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया हैं । जिसमें डेंगू रोग उसके बचाव ,एवं रोकथाम के बारे में लोगों को जागरूकता रैली के माध्यम से इसके दुष्प्रभावों के बारे में अवगत कराया गया। लोगों को बताया गया कि डेंगू के लक्षणों का अनुभव होते ही तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें तथा रक्त जांच करायें। रक्त जांच सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क है।



## स्वच्छता दीदियों ने नगर पालिका अध्यक्ष पर मनमानी करने का लगाया आरोप

- संवाददाता -
कोरबा, 19 मई 2023 (घटती-घटना)।

जिले के दीपक क्षेत्र में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाले स्वच्छता दीदियों ने नगर पालिका दीपका का किया घेराव। उन्होंने अध्यक्ष पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि काम करने वालो को परेशान किया जा रहा है जबकि बिना काम के भी 04 लोगो को मानदेय दिया जा रहा है। बता दें कि दीपका नगर पालिका परिषद में उस समय हड़कंप मच गया जब स्वच्छता दीदियों ने कार्यालय का घेराव कर अध्यक्ष की मनमानी नही चलेगी का नारा लगाने लगे द्घ नगर के कचरा को इकट्ठा कर उसका निष्पादन करने वाली महिलाओं की भीड़ को देखकर पालिका के अधिकारी भी हैरत में पड़ गए। महिलाओं ने अध्यक्ष पर आरोप लगते हुए कहा कि हमे हमेशा अपमानित किया जा रहा है और अधिकारियों की बात न मानने पर हमारा निष्ठा एप को बंद कर दिया जाता है जिससे हमारी ऑनलाइन हाजिरी नही लग पाती। पालिका के कर्मचारियों को इसकी शिकायत करने पर काम से निकालने की धमकी दी जाती है। स्वच्छता दीदी पुष्पा बेलमा ने तो यहां तक कहा कि 34 आदमी है 04 आदमी का आज तक पता नहीं और पेमेंट सभी का बन रहा है। उन्होंने कहा कि मेरा निष्ठा एप बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष बोलती हैं कि तुमको जहां मैं बोलूंगी वही जाना है बिना बोले नही जाना है। उन्होंने कहा हम 2:00 बजे तक ड्यूटी करते हैं जिसके बाद समय पूर्ण होने पर स्वच्छता दीदियां कही भी आ जा सकती है जिन्हे बाध्य नहीं किया जा सकता।

## मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक में मिल रहा उपचार,ग्रामीणों की सेहत में हो रहा सुधार

» एक अप्रैल से अभी तक 5 सौ हाट बाजार क्लीनिक लगे, लगभग 39 हजार का हुआ उपचार

- संवाददाता -
कोरबा, 19 मई 2023 (घटती-घटना)।

घर से अस्पताल तक की दूरियों की वजह से अपनी मामूली बीमारियों का उपचार नहीं करा पाने वाले ग्रामीणों के लिए मुख्यमंत्री हाट बाजार जैसी क्लीनिक एक बड़ी राहत बन गई है। गांव की महिलाएं हो या पुरूष अथवा बच्चे, बुजुर्ग, सभी को अपने गांव के आसपास लगने वाले बाजारों में एक ऐसा चलता-फिरता अस्पताल मिल गया है, जहां मुफ्त में बीमारियों की जांच के साथ दवाएं भी मिल रही है। हाट बाजार क्लीनिक के रूप में लग रहे कैंपों के जरिये छोटी-छोटी बीमारियां भी ठीक हो रही है। खास बात यह है कि जिन छोटी बीमारियों को ग्रामीण हल्के में ले लेते हैं और समय की कमी की वजह से उपचार कराना जरूरी नहीं समझते। ऐसी छोटी बीमारियां बहुत दिनों बाद उनके लिए आफत बन जाती है, ऐसे में हाट बाजार क्लीनिक जैसी सुविधा ग्रामीणों की सेहत को सुधारने के साथ उन्हें राहत प्रदान कर रही है। कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन में लगभग 99 चिन्हांकित स्थानों पर हाट बाजार क्लीनिक लगाई जा रही है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस योजना का लाभ जरूरतमंद ग्रामीणों को निरंतर प्रदान की जाए। हाट-बाजारों में सार्वजनिक उपक्रमों के चिकित्सकीय दल भी निरंतर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। जिले में बीते एक साल में 31 सौ कैंप लगे, जिसमें दो लाख से अधिक का उपचार किया गया है।



प्रदेश के मुखिया श्री भपूेश बघेल ने राज्य के सभी गरीब परिवारों तक स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना प्रारंभ की है। जिले में इस योजना का लाभ ग्रामीण तथा दूरस्थ क्षेत्रों में निवास करने वाले ग्रामीण उठा रहे हैं। योजना से लाभान्वित धनगांव की गीता बाई और शिवकुमारी बाई ने बताया कि हर बुधवार के दिन अजगरबहार में बाजार लगता है वे सप्ताह में एक दिन बाजार में घर के लिए जरूरी सामान खरीदी करने के लिए आती है, यहां सब्जी खरीदी के साथ उन्हें महिला स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति में उपचार की सुविधाएं मिल जाती है। उन्होंने बताया कि मुफ्त में उपचार के साथ दवाइयां भी मिल जाती है, जिससे उनकी छोटी-छोटी बीमारी ठीक हो जाती है। महिलाओं ने बताया कि घरेलू कार्य में उलझे होने की वजह से कई बार ऐसा होता है कि वे चाहकर समय पर अस्पताल तक नहीं जा पाती है, ऐसे में हाट बाजार क्लीनिक जैसे शिविर का लाभ उन्हें बाजार में खरीदी को आसान बनाने के साथ उपचार कराने में भी मददगार साबित होती है।

**प्रति हाट बाजार क्लीनिक में औसत 66 लोगों का हुआ उपचार** - जिले में सभी पांच ब्लॉक में हाट बाजार क्लीनिक योजना से शिविर लगता है। इसके लिए 98 स्थानों का चिन्हांकन किया गया है। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के तहत जिले मे 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक 3107 हाट बाजार में दो लाख पांच हजार 622 लोगों का उपचार किया गया है और एक लाख 89 हजार 158 लोगों को दवा का वितरण किया गया है। बीते वर्ष प्रति हाट बाजार औसत 66 लोगों का उपचार किया गया है।

10 प्रकार की जांच सुविधा, 64 प्रकार की दवाइयां

हाट बाजार क्लीनिक योजना में 10 प्रकार की जांच सुविधा उपलब्ध है। यहां 64 प्रकार की दवाइयां अलग-अलग लक्षणों में दी जाती है। 1 अप्रैल 2023 से लगभग 500 हाट बाजार क्लीनिक में 39 हजार लोगों का उपचार और लगभग 37 हजार लोगों को दवा का वितरण किया गया है। सभी 99 हाट बाजार क्लीनिक में चिकित्सकीय दलों के आवागमन हेतु 26 वाहन उपलब्ध है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

No. COM/BSP/E-AUCTION/May-23-2

आय निविदा के अनुबंध के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की गई है । केटेलॉग पहले ही IREPS वेबसाइट (https://ireps.gov.in) पर प्रकाशित की जा चुकी है । संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है-

| कैटेलॉग क्रमांक | श्रेणी | नीलामी आरंभ | लॉट क्रमांक | लॉट विवरण | अनुबंध अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| BSP-CCTV-CG2 | विज्ञापन | 22.05.2023 15:00 | ADVT-BSP-USL-OSD-130-23-1 | रायगढ़, चांपा, कोरबा, उसलापुर, पेंड्रा रोड, अम्बिकापुर एवं मनेन्द्रगढ़ रेलवे स्टेशन पर क्लोज्ड सर्किट टेलीविजन सिस्टम लगाने एवं संचालन के लिए लाइसेंस. | 05 वर्ष |

सीपीआर/10/60 RO.N0.62569 सहायक वाणिज्य प्रबंधक द.पू.म.रेलवे, बिलासपुर



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202303020700240**

**विषयः- अ-27 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2022-2023**
**अम्बिकापुर प.ह.न. 00015 (1287/20 (0.043 हे0)**
**पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- अजय संजय पिता गुलाब कुशवाहा राधा कुशवाहा,कैशिल्या कुशवाहा पति स्व.विजय कुशवाहा गणेश नरेश, अनावेदक पक्षकार- कैं शिल्या कुशवाहा पति स्व.विजय कुशवाहा गणेश नरेश, अजय संजय पिता गुलाब कुशवाहा राधा कुशवाहा,**

**ईश्तहार**

आवेदक राधा कुशवाहा आ0 स्व0 गुलाब कुशवाहा, निवासी भट्ठी रोड, केदारपुर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1287/20,1288/1 रकबा 0.043, 0.032 हे0 भूमि को उभयपक्ष के मध्य में बंटवारा किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो ई-नामांतरण पोर्टल से ई-कोर्ट में प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 14/06/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/03/2023 को जारी किया जाता है।

सील तहसीलदार सरगुजा (अम्बिकापुर)



**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2, जिला सरगुजा,छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.202305021700078 /अ-21/2022-23

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवव्रत आ0 केवला व अन्य 04, जाति बरगाह, निवासी ग्राम डिगमा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 के द्वारा ग्राम डिगमा स्थित भूमि खसरा नंबर 211/1, 211/2, 211/3,211/4 211/5, 211/6,211/7 रकबा 0.065, 0.065, 0.064, 0.064, 0.064, 0.064, 0.064हे0 कुल खसरा 07 कुल रकबा 0.450 हे0 भूमि आवेदकगण के पुत्र एव पुत्रियों के विवाह हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदक प्रदीप सिंह आ0 तेजबहादुर सिंह, जाति क्षत्रिय, निवासी प्रतापपुर चौक अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 को रू0 10,00,000/- (दस लाख रू0) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपित्त हो, तो पेशी दिनांक 07/06/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/05/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-02

# फौलादी इरादा निभाया वादा

रोक हटते ही **19940** नौकरियों की बरसात

## नए पद विज्ञापन जारी

**12,489** शिक्षा विभाग

**1920** वन विभाग

**920** तकनीकी शिक्षा विभाग

**522** अपेक्स एवं सहकारी बैंक

**500** आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास विभाग

**653** अन्य विभाग

## शुरु हुई थमी भर्ती प्रक्रिया

**975** गृह विभाग

**400** ऊर्जा विभाग

**291** वन विभाग

**342** अन्य विभाग

## जारी हुए अटके नियुक्ति आदेश

**377** ऊर्जा विभाग

**352** जल संसाधन विभाग

**136** स्वास्थ्य विभाग

**63** अन्य विभाग



मैंने कहा था कि अदालती रोक हटते ही हम नौकरियों की बरसात कर देंगे। नतीजा आपके सामने हैं।

- भूपेश बघेल मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती मिशन मोड में

## छत्तीसगढ़ सरकार, भरोसे की सरकार

संवाद 37057/120

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in


प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)